https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित


विश्व स्वास्थ्य दिवस आज

वर्ष: 4 | अंक: 116 जयपुर, सोमवार, 07 अप्रैल, 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष-दशमी, विसं 2082 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 3.00

### जरूरी खबर

## बाड़मेर में तापमान ने तोड़ा 56 साल पुराना रिकॉर्ड

**जयपुर।** राजस्थान में अप्रैल की गर्मी ने नया कीर्तिमान रच दिया है। रविवार को बाड़मेर में तापमान 45.6° सेल्सियस दर्ज किया गया, जो अप्रैल के पहले सप्ताह में 1969 के बाद का सबसे अधिक तापमान है। इससे पहले बाड़मेर में तीन अप्रैल 1998 को तापमान 45.2° रहा था। इस बार तापमान सामान्य से 6.8° अधिक दर्ज किया गया। जैसलमेर में 45°, बीकानेर में 43.3, चित्तौड़गढ़ में 43.2, जोधपुर में 43 और जयपुर में 40.7° तापमान दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी की चेतावनी दी है।



■ पेज 3 भी देखें

## बीकानेर-बिलासपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में लगी आग



**उज्जैन।** मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले में रविवार शाम बीकानेर-बिलासपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (20846) की पावर कार में आग लग गई। आग तराना और ताजपुर स्टेशनों के बीच करीब 5 बजे लगी, जिस पर तुरंत काबू पा लिया गया। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीना ने बताया कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। पावर कार की मरम्मत के बाद ट्रेन को शाम 6:30 बजे गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। रेलवे अधिकारी आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं। यात्रियों में किसी तरह की घबराहट की सूचना नहीं है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 95711 98777
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

### पावटा में 108 कुंडीय महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति

# समाज, धर्म और पर्यावरण सेवा का अनूठा प्रयास: अमित शाह



**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार को राजस्थान के कोटपूतली के पावटा क्षेत्र में पहुंचे, जहां उन्होंने 108 कुंडीय रुद्र महामृत्युंजय महायज्ञ की महापूर्णाहुति एवं सनातन सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव भी उनके साथ उपस्थित रहे।

शाह ने कहा कि पिछले एक वर्ष से चल रहे इस यज्ञ के माध्यम से बाबा बस्तीनाथ जी ने समाज के हर वर्ग को जोड़ने, लोगों को धर्ममय जीवन की ओर प्रेरित करने और पर्यावरण की सेवा का अनूठा प्रयास किया है।

उन्होंने बाबा बालनाथ जी को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने देश-विदेश में 84 धूणियों की स्थापना की और अपने जीवन को धर्म और सेवा के लिए समर्पित कर दिया। गृह मंत्री ने बताया कि इस यज्ञ स्थल पर कई हताश मनों और टूटे जीवन को आशा मिली है। कई श्रद्धालु यहां आकर नशामुक्ति की प्रतिज्ञा लेते हैं और सामाजिक समरसता को बढ़ाने का संकल्प लेते हैं। बाबा बालनाथ जी की तपोस्थली को ऊर्जावान बताते हुए उन्होंने कहा कि उनकी विरासत को आज बाबा बस्तीनाथ आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नाथ संप्रदाय ने महाप्रभु आदिनाथ से लेकर नौ गुरुओं और कई ऊर्जा वाहकों के माध्यम से सनातन धर्म को शक्ति दी है। पिछली रामनवमी से इस वर्ष तक, हर पांचवें दिन देशभर के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालुओं ने इस यज्ञ में भाग लेकर प्रकृति संरक्षण, सनातन के प्रचार और आत्मा की शुद्धि का संकल्प लिया है।



***पूजा-अर्चना:*** *पावटा में बाबा बालनाथ जी की समाधि पर पूजा-अर्चना करते अमित शाह, भजनलाल शर्मा और भूपेंद्र यादव।*



***स्वागत:*** *जयपुर एयरपोर्ट पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते सीएम भजनलाल।*

### पीएम सनातन संस्कृति के उत्थान के लिए दृढ़ संकल्पित: सीएम शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सनातन संस्कृति और राष्ट्र के उत्थान के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि 'विकास के साथ विरासत' की भावना के तहत राज्य सरकार भी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए लगातार कार्य कर रही है। भजनलाल ने कहा कि मोदी के संकल्प और कठिन साधना से ही अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा संभव हो सकी और भारत भूमि का 500 वर्षों का इंतजार पूरा हुआ। मुख्यमंत्री ने अमित शाह के नेतृत्व को देश के लिए प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि धारा 370 को हटाने, सीमाओं की सुरक्षा मजबूत करने और सहकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर शाह ने देश को नई दिशा दी है।

### बाबा बालनाथ आश्रम में समाधि और धूणी पर धोक लगाई

इससे पूर्व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सिद्ध योगी बाबा बालनाथ जी के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर दर्शन किए और देश-प्रदेश की प्रगति एवं सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने यज्ञशाला में एक वर्ष से अनवरत चल रहे 108 कुंडीय महामृत्युंजय रुद्र महायज्ञ में पूर्णाहुति दी और पंचमुखी महाकाल मंदिर में आरती की। इस अवसर पर राजस्व एवं उपनिवेशन राज्य मंत्री विजय सिंह, सांसद राव राजेंद्र सिंह, विधायक कुलदीप धनखड़, हंसराज पटेल, देवी सिंह शेखावत और बाबा बस्तीनाथ महाराज सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### पीएम मोदी ने भाषा विवाद को लेकर साधा निशाना

# मेडिकल की पढ़ाई तमिल में कराए तमिलनाडु सरकार



**एजेंसी** | रामेश्वरम (तमिलनाडु)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिल भाषा की जोरदार वकालत करते हुए तमिलनाडु सरकार से तमिल माध्यम में चिकित्सा शिक्षा शुरू करने की अपील की। रामनवमी के अवसर पर रामेश्वरम में 8,300 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के मौके पर उन्होंने कहा कि मातृभाषा में पढ़ाई से गरीब छात्रों को खास लाभ होगा। भाषा विवाद का परोक्ष रूप से उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, तमिलनाडु के कई नेताओं की चिट्ठियां मुझे मिलती हैं, लेकिन वे तमिल में हस्ताक्षर नहीं करते। कम से कम हस्ताक्षर तो अपनी मातृभाषा में करें। उन्होंने कहा कि तमिल भाषा और संस्कृति को वैश्विक स्तर पर ले जाने के प्रयास जारी हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने नई शिक्षा नीति का जिक्र करते हुए कहा कि तमिलनाडु को केंद्र से पर्याप्त फंड मिल रहा है, इसके बावजूद कुछ लोग शोर मचाते हैं। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु सरकार नई शिक्षा नीति और त्रिभाषा फार्मूले का विरोध कर रही है। DMK प्रमुख और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन हिंदी को शिक्षा प्रणाली में लागू करने के खिलाफ हैं। स्टालिन न तो पीएम मोदी को रिसीव करने पहुंचे और न ही उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए, जिससे दोनों के बीच राजनीतिक तनाव स्पष्ट नजर आया।

## पीएम मोदी ने किया नए पंबन सी-लिफ्ट पुल का उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के रामेश्वरम में देश के पहले 'वर्टिकल सी-लिफ्ट' रेलवे पुल का उद्घाटन किया। यह नया पंबन पुल रामेश्वरम द्वीप को भूमि से जोड़ता है और इससे श्रद्धालुओं की यात्रा में सुगमता आएगी। उद्घाटन के अवसर पर पीएम मोदी ने रामेश्वरम-तांबरम नई ट्रेन सेवा और एक तटरक्षक पोत को भी हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह पुल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भारत की ताकत को दर्शाता है।



### स्टालिन रहे अनुपस्थित

मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कार्यक्रम में भाग नहीं लिया। उन्होंने पहले ही अपनी अनुपस्थिति की सूचना दी थी और परिसीमन मुद्दे पर विरोध जताया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, राज्यपाल आर.एन. रवि, वित्त मंत्री थंगम थेनारासु और भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उद्घाटन समारोह में मौजूद रहे। दक्षिण रेलवे के अनुसार, अब कई मेल, एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें रामेश्वरम से संचालित होंगी।

### भारत का पहला वर्टिकल सी-लिफ्ट पुल

यह देश का पहला ऐसा रेलवे पुल है जिसमें वर्टिकल लिफ्ट स्पैन तकनीक का उपयोग हुआ है। इसका लिफ्ट स्पैन 72.5 मीटर लंबा है जिसे 17 मीटर तक ऊपर उठाया जा सकता है ताकि बड़े जहाज आसानी से गुजर सकें।

### पीएम मोदी की पहल का असर...

## श्रीलंका ने रिहा किए 14 भारतीय मछुआरे

**कोलंबो।** श्रीलंका ने रविवार को एक विशेष मानवीय पहल के तहत 14 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया। यह कदम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के बीच शनिवार को हुई बातचीत के एक दिन बाद उठाया गया। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने मछुआरों की आजीविका से जुड़े मुद्दों पर मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की अपील की थी और उनकी तत्काल रिहाई पर जोर दिया था। इस पहल को दोनों देशों के बीच सकारात्मक संबंधों की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### श्रद्धालुओं ने लाइव देखा दिव्य क्षण

## रामनवमी पर अयोध्या में रामलला का 'सूर्य तिलक'



**बेधड़क** | अयोध्या

रामनवमी के पावन अवसर पर अयोध्या के नवनिर्मित रामजन्मभूमि मंदिर में भगवान श्रीराम का दिव्य 'सूर्य तिलक' सम्पन्न हुआ। यह ऐतिहासिक क्षण अपराह्न 12 बजे हुआ, जब सूर्य की किरणें रामलला के मस्तक पर पड़ीं और पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में गूंज उठा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने 'एक्स' (पूर्व ट्विटर) पर सूर्य तिलक का वीडियो साझा करते हुए लिखा, 'श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर प्रभु का सूर्य तिलक।' साथ ही रामलला के अभिषेक की तस्वीरें भी साझा की गईं। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि सूर्य तिलक लगभग चार मिनट तक चला। इस दिव्य क्षण को देखने के लिए मंदिर में हजारों श्रद्धालु मौजूद थे। जो लोग अयोध्या नहीं पहुंच सके, उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से इस दृश्य का सीधा प्रसारण देखा। ट्रस्ट के अनुसार, सूर्य तिलक की व्यवस्था पहले भी एक बार सफलतापूर्वक हो चुकी थी, जिससे इस बार इसे दोहराने में कोई कठिनाई नहीं हुई। हालांकि, मंदिर के ऊपरी हिस्से में चल रहे निर्माण कार्यों के कारण कुछ तकनीकी चुनौतियां थीं, जिन्हें समय रहते सुलझा लिया गया।

### अष्टधातु से बनी प्रणाली से ललाट पर पड़ी सूर्य किरणें

सूर्य की किरणें साफ दिखाई दें और सूर्य की किरणें स्पष्ट रूप से भगवान के ललाट पर दिखें, इसके लिए मंदिर में अंधेरा किया गया था और मंदिर के पट भी बंद कर दिए गए थे। सूर्य तिलक के लिए पूरा सिस्टम अष्टधातु से बनाया गया है। इसमें चार लेंस और चार शीशों का इस्तेमाल किया गया, जिससे सूर्य की किरणें आसानी से रामलला के ललाट तक पहुंच सकें।

**पंचामृत अभिषेक**



### ऑपरेशन तर्पण... एसआई भर्ती परीक्षा मामला

## पति को गोवा और पत्नी को जोधपुर से पकड़ा

**बेधड़क** | जयपुर

जोधपुर रेंज आईजी की साइक्लोनर टीम ने 'ऑपरेशन तर्पण' चलाकर एसआई भर्ती परीक्षा-2021 के मामले में पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। दोनों को एक ही समय में गोवा और जोधपुर से पकड़ा गया है। आईजी विकास कुमार ने बताया कि आरोपी नरपतराम और उसकी पत्नी इन्द्रा को गिरफ्तार किया गया है। नरपतराम गोवा के कालांगुट बीच स्थित वाइन शॉप पर सेल्समैन का काम कर रहा था, वहीं पत्नी इन्द्रा जोधपुर के खेमे का कुआं क्षेत्र में छुपकर रह रही थी। इन्द्रा ने एसआई भर्ती परीक्षा में हरखु नामक महिला की जगह डमी बनकर परीक्षा दी थी। इसके बदले में इन्द्रा के पति नरपतराम ने 15 लाख रुपए लिए थे। हरखु को गिरफ्तार किया, तो जांच में नरपतराम और इन्द्रा का नाम सामने आया। गिरफ्तारी के डर से दोनों फरार हो गए थे। अब दोनों को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए एसओजी को सौंप दिया गया है। एसआई परीक्षा इन्द्रा ने भी दी थी। इसके अगले दिन उसने हरखु की जगह डमी बनकर परीक्षा दी, लेकिन इन्द्रा खुद परीक्षा में फेल हो गई, जबकि हरखु पास हो गई।

### राजस्थान में लागू होगा दिल्ली का मॉडल


# प्रदेश के NCR में पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

- प्रदूषण कम करने के लिए परिवहन विभाग हुआ सजग
- अवधिपार वाहनों की पहचान के लिए पेट्रोल पंपों पर लगेंगे कैमरे

**शिवेंद्र सिंह परमार** | बेधड़क

**जयपुर।** अगर आप राजस्थान के एनसीआर इलाके के भरतपुर, अलवर, खैरथल और डीग जिलों से हैं, तो आपके 10 साल पुराने डीजल वाहन को और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहन को ईंधन नहीं मिल सकेगा। दरअसल, परिवहन विभाग दिल्ली की तर्ज पर एक योजना पर काम कर रहा है, जिसके तहत अब प्रदेश के एनसीआर में शामिल इलाकों में 10 और 15 साल से पुराने डीजल व पेट्रोल वाहनों को फ्यूल नहीं मिलेगा। दिल्ली में यह व्यवस्था पहले से ही लागू है। इसी मॉडल का अध्ययन करने के लिए परिवहन सचिव शुचि त्यागी ने एक कमेटी बनाई है, जो दिल्ली जाकर वहां के मॉडल का अध्ययन करेगी। इसके बाद प्रदेश के एनसीआर जिलों में यह व्यवस्था शुरू हो जाएगी।

बता दें कि परिवहन विभाग पहले ही 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों के संचालन को रोकने के लिए सभी वाहनों का पंजीकरण निरस्त कर चुका है, लेकिन इसके बावजूद कई वाहन संचालित हो रहे हैं, जिससे प्रदूषण बढ़ रहा है।




### कैमरे से होगी पुराने वाहनों की पहचान

राजस्थान के एनसीआर इलाके भरतपुर, अलवर, खैरथल और डीग में अब 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को फ्यूल नहीं मिलेगा। परिवहन विभाग दिल्ली मॉडल की तर्ज पर इन पुराने वाहनों पर रोक लगाने जा रहा है। इसके लिए सभी पेट्रोल पंपों पर कैमरे लगाए जाएंगे, जो परिवहन विभाग के सॉफ्टवेयर से जुड़े होंगे। जैसे ही अवधिपार वाहन पेट्रोल पंप पर आएगा, कैमरे से उसकी पहचान हो जाएगी और फ्यूल नहीं मिलेगा। इन जिलों में करीब 6 हजार ऐसे वाहन हैं, जिनका पंजीकरण निरस्त किया जा चुका है। कई वाहन स्क्रैप हो चुके हैं।

### दिल्ली जाएगी तीन अधिकारियों की कमेटी

मॉडल का अध्ययन करने के लिए तीन अधिकारियों की कमेटी बनाई गई है, जिसमें तकनीकी निदेशक कुलदीप यादव, उप वित्तीय सलाहकार सौरभ पालीवाल और परिवहन निरीक्षक हितेश चंदूल शामिल हैं। कमेटी अध्ययन के बाद रिपोर्ट देगी, जिसके आधार पर यह व्यवस्था लागू की जाएगी।

**जरूरी खबर**

### खर्रा ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास



**बेधड़क, जयपुर।** श्रीमाधोपुर में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्र में सड़क, आधारभूत संरचना, और मुख्य बाजार क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण करने जा रही है। खर्रा ने खुर्रमपुरा गांव में 50 लाख रुपए की लागत से उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन की आधारशिला रखी। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अपग्रेडेशन, टेलीमेडिसिन और एम्बुलेंस सेवाओं की वृद्धि की भी जानकारी दी।

### राजस्थान मेडिकल कॉर्पोरेशन में टेंडर पर विवाद

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लि. द्वारा प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में बायो मेडिकल उपकरणों की रिपेयरिंग और मेंटेनेंस के लिए जारी टेंडर पर विवाद हो गया है। इस टेंडर की लागत 168 करोड़ रुपए के अनुमान के मुकाबले 343 करोड़ रुपए में जारी किया गया। शिकायत के बाद राजस्थान मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन में हड़कंप मच गया। आरोप है कि बिना सरकारी मंजूरी और बजट प्रावधान के करोड़ों का टेंडर जारी किया गया। मामले की जांच के लिए स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने एक अप्रैल को एक कमेटी का गठन किया, जिसका नेतृत्व प्रिंसिपल सेक्रेटरी हेल्थ गायत्री राठौड़ करेंगी।

### जूली ने अंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण



**बेधड़क, जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सोमवार को अलवर और भरतपुर दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने भरतपुर के खेस्ती (नगर) गांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। सभा को संबोधित करते हुए जूली ने कहा कि समाज के सभी वर्गों ने बाबा साहब के सिद्धांतों पर चलने का जो निर्णय लिया है, वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज के शोषितों और वंचितों को उनका अधिकार दिलाने में भी योगदान दिया। इस मौके पर सांसद संजना जाटव, विधायक अनीता जाटव सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

---

**शिक्षा विभाग के आदेश पर शिक्षक संगठनों की आपत्ति, अभिभावकों की अनिच्छा से प्रभावित हो रहा कार्य**

# अपार आईडी का काम अधूरा, शिक्षकों का मार्च का वेतन रोका

### छात्रों की समग्र जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर




**बेधड़क | जयपुर**

शिक्षा विभाग ने अपार आईडी जनरेशन के लक्ष्य को पूरा नहीं करने वाले शिक्षकों और संस्था प्रधानों का मार्च 2025 का वेतन रोक दिया है। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में जिनमें 70 प्रतिशत से कम अपार आईडी जनरेशन की प्रगति हुई है, उन विद्यालयों के संस्था प्रधानों और शिक्षकों का मार्च का वेतन रोकने का आदेश जारी किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारियों के इस आदेश के बाद सैकड़ों शिक्षकों को मार्च का वेतन नहीं मिला है। अपार आईडी बनाने में 70 प्रतिशत से कम प्रगति है तो ऐसे में विभाग संबंधित शिक्षकों के वेतन पर रोक लगा रहा है। हालांकि मार्च के वेतन रोकने के आदेशों में शिथिलता बरती गई है। अब यदि किसी विद्यालय में अपार आईडी जनरेशन का कार्य 70 प्रतिशत से कम है, लेकिन शिक्षक की कक्षा में 70 प्रतिशत प्रगति हो चुकी है, तो उनका वेतन दिया जाएगा। वहीं, यदि कक्षा का औसत कम है, तो शिक्षक का वेतन रोका जाएगा।

#### डेडलाइन बढ़ाने के बाद भी काम अधूरा

'वन नेशन वन स्टूडेंट' की तर्ज पर तैयार हो रही अपार आईडी के कार्य में स्कूल संचालक और अभिभावक ढिलाई बरत रहे हैं, जिससे काम में देरी हो रही है। कई स्कूलों ने अभी तक 50 प्रतिशत भी अपार आईडी जनरेशन का काम नहीं किया है। शिक्षा विभाग ने बार-बार डेडलाइन बढ़ाने के बाद अब सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। शिक्षक संगठनों का कहना है कि अभिभावकों का सहयोग नहीं मिल रहा है, और अपार आईडी जनरेट करना भी एक जटिल प्रक्रिया है। अभिभावकों को सहमति पत्र भरने के साथ-साथ ओटीपी भी जनरेट करना होता है, लेकिन अधिकतर अभिभावक असहज होकर फॉर्म नहीं भर रहे हैं और दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं करवा रहे हैं। शिक्षक संगठनों ने विभाग के आदेशों का विरोध किया है।

#### क्या है अपार आईडी योजना?

इस योजना से राजकीय और निजी विद्यालयों में पहली से 12वीं कक्षा तक के छात्रों की जानकारी एक क्लिक में प्राप्त हो सकेगी। हर छात्र का 12 अंकों का अपार आईडी (ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक एकाउंट रजिस्ट्री) अकाउंट होगा, जो आधार कार्ड की तरह कार्य करेगा। इस आईडी में छात्र का नाम, लिंग, जन्मतिथि, माता-पिता का नाम, शिक्षा विवरण, चरित्र प्रमाण पत्र, स्कूल ट्रांसफर, पुरस्कार, छात्रवृत्ति, ब्लड ग्रुप, लंबाई, वजन जैसी जानकारी शामिल होगी। इससे किसी छात्र के दस्तावेज खोने पर चिंता नहीं होगी और फर्जीवाड़े पर भी रोक लगेगी।

#### इनका कहना है

"शिक्षकों का वेतन रोकना गलत है, खासकर जब वे बोर्ड परीक्षाओं और अन्य विभागीय कार्यों में व्यस्त होते हैं। मार्च का वेतन रोकने से उन्हें वित्तीय और मानसिक परेशानी हो रही है। वेतन जारी किया जाना चाहिए।

**-मोहर सिंह सलावद,** प्रदेशाध्यक्ष, रेसटा

"ऐसा आदेश सुनने में नहीं आया। संभवत: किसी ने लक्ष्य पूरा करने के लिए शिक्षकों को डराने के लिए आदेश जारी किया होगा। मामले की जांच करके इसे स्पष्ट करते हैं।

**- गोपाल राम,** एडिशनल डायरेक्टर, एलिमेंट्री एजुकेशन

---

**भाजपा के 46वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम शुरू**

# पांच साल में सरकार बदलने की परंपरा तोड़ेगी BJP: राठौड़

- CM और प्रदेशध्याक्ष ने पार्टी कार्यालय में फहराया झंडा
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भाजपा की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**बेधड़क | जयपुर**

भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस रविवार को पूरे राजस्थान में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी ने कई कार्यक्रम आयोजित किए, जो 13 अप्रैल तक जारी रहेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और अन्य पार्टी नेताओं की उपस्थिति में जयपुर स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि यह दिन उन महान विभूतियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर है, जिन्होंने अपने संघर्ष और परिश्रम से पार्टी को उच्च शिखर पर पहुंचाया। राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर पर जाकर भाजपा के समर्थक बनाएं और केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाएं।

राठौड़ ने यह भी कहा कि भाजपा को राजस्थान में फिर से सत्ता में लाने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा आगामी चुनावों में 'पांच साल भाजपा, पांच साल कांग्रेस' की परंपरा को तोड़ते हुए राज्य में फिर से सरकार बनाएगी। राठौड़ ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार अच्छा काम कर रही है। जनता से भी यही अपेक्षा है कि वह अच्छे काम करने वालों को ही दोबारा मौका दे। बजट की घोषणाएं समय पर पूरी हों, इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।



पार्टी मुख्यालय पर झंडा फहराते सीएम शर्मा व प्रदेशाध्यक्ष राठौड़।

#### सीएम ने खिलाए लड्डू, दी शुभकामनाएं



पार्टी के स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को लड्डू खिलाते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।

पार्टी के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने एक साथ ध्वज फहराया। इसके बाद, दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं का लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया। मुख्यमंत्री ने भाजपा कार्यालय में मौजूद कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और वहां पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, सांसद मंजू शर्मा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, जयपुर हेरिटेज नगर निगम की महापौर कुसुम यादव सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने सभी को रामनवमी और भाजपा के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।

#### वक्फ संशोधन कानून पर जताई खुशी

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने वक्फ संशोधन कानून का गजट नोटिफिकेशन जारी होने पर खुशी जताई और इसे मुस्लिम समाज के गरीब व्यक्तियों के उत्थान के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह संशोधन मुस्लिम समाज की गरीबी को दूर करने में मदद करेगा। राठौड़ ने स्पष्ट किया कि भाजपा किसी की जमीन नहीं छीन रही है। राठौड़ ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आज आप देखते हैं कि मुस्लिम समाज में कितनी गरीबी है। इन्होंने मुसलमानों को टायर पंचर निकालने से ज्यादा आगे नहीं बढ़ने दिया। हम चाहते हैं कि वह भी समृद्ध बनें, यह हमारी सोच है। राठौड़ बोले कि कांग्रेस के लोग जो कह रहे हैं कि शायद भाजपा को मुस्लिमों का साथ मिल जाएगा, वो सत्य है। वो तो मिलेगा ही। जो काम करेगा, उसे आशीर्वाद मिलेगा। राठौड़ ने कांग्रेस से अपील की कि वे भी मुस्लिम समाज के उत्थान के लिए अधिक सेवा करें।

#### दीया कुमारी ने फहराया झंडा



भाजपा स्थापना दिवस पर झंडा फहराती दीया कुमारी व बालमुकुंदाचार्य।

भाजपा के स्थापना दिवस पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने रविवार को हवामहल विधानसभा के पौंड्रिक मंडल में वार्ड नंबर 27 के बूथ संख्या 95 में पार्टी का झंडा फहराया। यह कार्यक्रम बूथ अध्यक्ष सुभाष बिंदल के आवास पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य और पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

#### बारहठ सहित 6 लोग भाजपा में शामिल

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने सेवानिवृत्त एएसपी वासुदेव बारहठ सहित छह नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता दिलवाई। प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी भवानी शंकर शर्मा ने बताया कि जयपुर के निवारू ग्राम पंचायत निवासी व्यवसायी भानू प्रताप सिंह, आईटी सेक्टर से सूर्य प्रताप सिंह, व्यवसायी महावीर सिंह नाथावत, स्वर्णकार समाज बीकानेर अध्यक्ष मनीष लाम्बा और नवमतदाता एडवोकेट मनीष लाम्बा का राठौड़ ने पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।



---

**जैसलमेर में 13 करोड़ रुपए का ऋण वितरण**

## कांग्रेस सरकार ने शिक्षा क्षेत्र का 'बंटाधार' किया: मदन दिलावर




**बेधड़क, जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में शिक्षा क्षेत्र में कोई खास काम नहीं किया। मंत्री ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि कांग्रेस सरकार ने न तो स्कूलों की बिल्डिंग बनाई और ना ही उनकी मरम्मत की। दिलावर ने कहा कि कांग्रेस ने नए स्कूल तो खोले, लेकिन शिक्षकों के पद नहीं सृजित किए, जिससे शिक्षा के स्तर में कोई सुधार नहीं हो सका। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने शिक्षा क्षेत्र को नुकसान पहुंचाया और इसका 'बंटाधार' किया है। इसके बाद, दिलावर ने जैसलमेर में राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक (आरएमजीबी) द्वारा आयोजित ऋण वितरण समारोह में 13 करोड़ रुपए के चैक वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि जैसलमेर जिले में बैंक और महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। समारोह में 700 से अधिक महिला लाभार्थियों ने ऋण प्राप्त किया, जिससे उन्हें अपना व्यवसाय शुरू करने में मदद मिली। दिलावर ने 1786 महिला स्वयं सहायता समूहों को कुल 13 करोड़ रुपए से अधिक की ऋण राशि वितरित की।

### PTET: आवेदन की आखिरी तारीख

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान पीटीईटी 2025 के लिए आवेदन की सोमवार को अंतिम तिथि है। उम्मीदवार पीटीईटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। जनरल उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपए रखा गया है, जबकि साइंस स्ट्रीम के उम्मीदवारों, जो 4 वर्षीय बी.ए. बी.एड और बी.एससी. बी.एड दोनों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उनका शुल्क 1000 रुपए होगा। केवल वे उम्मीदवार, जिनकी उम्र एक जनवरी 2025 तक 17 वर्ष है, वे इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। पीटीईटी का सलेक्शन प्रोसेस रिटन एग्जाम के आधार पर होगा।

**बेधड़क TOON**




-शेखर

---

**विश्व स्वास्थ्य दिवस आज**

# रिसर्च: प्रदेश के 78% स्वास्थ्यकर्मी तनाव में

- उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के डॉक्टर्स ने किया शोध
- कार्यस्थल पर असंतोष तनाव के मुख्य कारणों में से एक

**बेधड़क | जयपुर**

स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकारी सेवाओं की तुलना में निजी क्षेत्र का योगदान अधिक है, और सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निजी क्षेत्रों में भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही है। लेकिन विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राजस्थान के निजी क्षेत्र में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य पर चिंता जताई गई है। उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के केंद्रीय अस्पताल के मुख्य सलाहकार न्यूरोसाइकियाट्रिस्ट डॉ. राम मटोरिया और वरिष्ठ नर्सिंग अधीक्षक सुरेंद्र सिंह बधाला द्वारा किए गए शोध में यह खुलासा हुआ है कि 78% नर्सिंग पेशेवरों ने अपने कार्यस्थल पर मध्यम स्तर का तनाव अनुभव किया।



*डॉ. राम मटोरिया*

यह तनाव उनके नौकरी के असंतोष से जुड़ा था। तनाव के कारण स्वास्थ्य कर्मियों का कार्य प्रभावित हो रहा है, जो मरीजों की देखभाल की गुणवत्ता को भी प्रभावित करता है।

#### तनाव मरीजों की देखभाल के लिए हानिकारक: डॉ. राम मटोरिया

डॉ. राम मटोरिया ने बताया कि 'पश्चिमी भारत में नर्सिंग पेशेवरों के बीच कार्यस्थल तनाव और नौकरी की संतुष्टि' नामक अध्ययन में राजस्थान के निजी अस्पतालों में नर्सिंग पेशेवरों पर ध्यान केंद्रित किया गया। 2020 से 2024 तक किए गए शोध में यह सामने आया कि 78% नर्सिंग कर्मी किसी न किसी प्रकार के तनाव का सामना कर रहे हैं। मटोरिया ने कहा कि नर्सिंग पेशेवर स्वास्थ्य सेवा वितरण प्रणाली की नींव हैं और उनका तनाव रोगी देखभाल की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। शोध के दौरान यह भी सामने आया कि 87% स्वास्थ्य सेवा कर्मियों ने कभी भी तनाव प्रबंधन कार्यक्रमों में भाग नहीं लिया। इस मानसिक तनाव का असर न केवल उनके व्यक्तिगत स्वास्थ्य पर बल्कि मरीजों की देखभाल पर भी पड़ रहा है।

---

**परिवहन विभाग की लापरवाही से ट्रांसपोर्ट व्यवसाय प्रभावित**

## फिटनेस सेंटर्स बंद, प्रदेशभर में 15 हजार वाहनों की फिटनेस हुई ड्यू

**बेधड़क, जयपुर।** परिवहन विभाग की लापरवाही के कारण ट्रांसपोर्ट व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। एक अप्रैल से बंद पड़े फिटनेस सेंटरों को फिर से शुरू करने में विभाग पूरी तरह से विफल रहा है। इसके परिणामस्वरूप, पूरे प्रदेश में लगभग 15 हजार वाहनों की फिटनेस ड्यू हो चुकी है। इसके कारण कई वाहन ऑपरेटरों ने अपने वाहनों का संचालन बंद कर दिया है, जबकि कुछ वाहन बिना फिटनेस के सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इसके अलावा, कई गाड़ी मालिक अतिरिक्त खर्च उठाकर दूसरे प्रदेशों में जाकर फिटनेस करवाने को मजबूर हैं। यह स्थिति ट्रांसपोर्ट व्यवसाय के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी है।




#### राजस्थान की देशभर में किरकिरी

केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने 1 अप्रैल से पुराने फिटनेस सेंटर बंद करने का नोटिफिकेशन जारी किया था, लेकिन इस बदलाव के बाद भी देशभर के किसी अन्य राज्य में वाहनों की फिटनेस की प्रक्रिया प्रभावित नहीं हुई। प्रदेश में परिवहन विभाग की खामियों के कारण काम ठप हो गया है। डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने दो दिन पहले ही परिवहन सचिव के साथ इस मुद्दे पर बैठक की थी, लेकिन उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

## छोटी काशी में हवाई गर्जना के बीच रामलला का हुआ जन्म... भगवान राम को पहनाई रत्नजड़ित पोशाक

# जन्म लियो रघुराई... अवध पुरी में बहार आई

**बेधड़क** | जयपुर

भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर रविवार को रामनवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवमी पर कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। चांदपोल बाजार स्थित मंदिर श्रीरामचंद्रजी, छोटी चौपड़ स्थित मंदिर श्रीसीतारामजी, खोले के हनुमान मंदिर सहित अन्य स्थानों पर भगवान श्रीराम का पंचामृत अभिषेक किया गया। दोपहर में जन्म आरती के साथ बधाई गान गाए गए। भगवान को पीत वस्त्र धारण करवा कर शृंगार किया गया। चांदपोल बाजार स्थित मंदिर श्रीरामचंद्रजी में भगवान को मंगला दर्शन में मखमली सुनहरी पोशाक धारण करवाई गई। षोडशोपचार पूजन के साथ प्रभु का दूध, इत्र, घी, शहद, बूरा, गुलाब, फूलों का रस, फलों का रस, हल्दी, चंदन, केसर आदि से अभिषेक किया गया। इसके बाद रजवाड़ी जरदोजी की पोशाक एवं मोती-माणक के आभूषणों से रामलला का शृंगार किया गया। मंदिर में मंगल पूजन के बाद शुभ बंदरवाल लगाई गई। वहीं, दोपहर 2:30 बजे श्रद्धालुओं ने ठाकुर श्रीरामलला की जन्म आरती के दर्शन किए। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा।



*जयपुर। रामनवमी के अवसर पर रविवार को सूरजपोल से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को देखने के लिए उमड़ा भक्तों का सैलाब।* -फोटो: पंकज शर्मा

### सोने-चांदी के आभूषणों से किया शृंगार

मंदिर श्रीरामचंद्रजी में 101 हवाई गर्जनाओं के साथ भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। भक्तों ने जन्म लियो रघुराई, अवध पुरी में बहार आई, भए प्रगट कपाला दीनदयाला जैसी चौपाइयों के साथ प्रभु श्रीराम का प्राकट्य उत्सव मनाया। भगवान को भोग लगाने के बाद भंडारे व प्रसादी का आयोजन किया गया। महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि सुबह 11 बजे ठाकुरजी महाराज का पंचामृत अभिषेक हुआ और दोपहर में जन्म आरती की गई। श्रीराम दरबार को रत्नजड़ित जरदोजी पोशाक पहनाकर हीरे, मोती, पन्ना, माणक, नीलम और सोना-चांदी के परंपरागत रजवाड़ी आभूषणों से शृंगार किया गया। शाम को 51 किलो मावे और मेवे से बना राम जन्म केक काटकर खुशियां मनाई गईं। खोले के हनुमान मंदिर परिसर स्थित सियारामजी का सुबह ऋतु फलों के रस, 108 द्रव्यों की औषधि, पंचामृत, सरयू जल से महाभिषेक कर षोडशोपचार पूजन हुआ। इसके बाद नई पोशाक धारण करवाई गई। श्री नरवर आश्रम सेवा समिति के अध्यक्ष गिरधारीलाल शर्मा व महामंत्री बृजमोहन शर्मा ने बताया कि दोपहर 12 बजे सियारामजी की महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर में चल रहे नवपारायण व वाल्मीकि रामायण पाठों की पूर्णाहुति भी संपन्न हुई।

### हाथोज धाम में विशेष धार्मिक अनुष्ठान



श्री दक्षिणमुखी बालाजी मंदिर, हाथोज धाम में चल रहे चैत्र नवरात्र महोत्सव का समापन रविवार को अभिजीत मुहूर्त में हुआ। हाथोज धाम के स्वामी बालमुकुंद आचार्य महाराज ने बताया कि घट स्थापना, नौ दिवसीय वाल्मीकि सुंदरकांड, दुर्गा सप्तशती पाठ और बगलामुखी माता के विशेष अनुष्ठान पूर्ण विधि-विधान से संपन्न किए गए। अष्टमी तिथि को संपूर्ण रात्रि यज्ञ करने के बाद नवमी तिथि पर इसकी पूर्णाहुति की गई। इसके उपरांत देवी स्वरूप कन्याओं का पूजन कर उन्हें कन्या भोग अर्पित किया गया। रामनवमी पर भगवान श्रीराम का पंचामृत से अभिषेक कर विशेष पूजा-अर्चना की गई।

### आरती उतारकर किया शोभायात्रा को रवाना

रामनवमी पर भगवान श्रीराम की शोभायात्रा सूरजपोल अनाज मंडी से चांदपोल बाजार स्थित मंदिर श्रीरामचंद्रजी तक निकाली गई। त्रिवेणी धाम के संत रामरिछपाल दासजी ने आरती उतारकर शोभायात्रा को रवाना किया। लगभग 6 किमी लंबी यह शोभायात्रा 6 घंटे में मंदिर श्रीरामचंद्रजी, चांदपोल पहुंचकर पूर्ण हुई। इस दौरान रामगंज में गंगा-जमुनी तहजीब भी साकार हुई। श्रीरामकृष्ण जयंती महोत्सव समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र गोलेछा, उपाध्यक्ष अलबेली माधुरी शरण महाराज, महामंत्री प्रवीण बड़े भैया, गोविंद देवजी मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी, गीता गायत्री मंदिर के महंत पं. राजकुमार चतुर्वेदी सहित संत-महंतों और शहर के गणमान्य लोगों ने भी मार्ग में आरती उतारी। शोभायात्रा सूरजपोल मंडी से रवाना होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई मंदिर श्रीरामचंद्रजी पहुंची, जहां स्वागत के साथ शोभायात्रा की आरती उतारी गई। इस दौरान श्रद्धालुओं की सेवा के लिए जगह-जगह स्टॉल लगाए गए, जहां ज्यूस, शिकंजी, टॉफी, बिस्कुट, गुलाब शर्बत व मिल्करोज पिलाकर सेवा कार्य किए गए।

### रामनवमी से 'सियाराम' के सवा लाख जाप का शुभारंभ

जयपुर। रामनवमी के पावन अवसर पर एसएफएस मानसरोवर स्थित शिव भोले हनुमान मंदिर से सियाराम नाम की माला के सवा लाख जाप का शुभारंभ रविवार से किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत भक्ति और श्रद्धा के साथ मंदिर परिसर में की गई। कार्यक्रम के आयोजक अरविंद मिश्रा ने बताया कि यह विचार उन्हें हरि कृपा से प्रेरित होकर आया। इस संकल्प के अंतर्गत सियाराम नाम के सवा लाख जाप एक सौ आठ बार विभिन्न स्थानों पर किए जाएंगे। इसके बाद पूर्णाहुति संपन्न की जाएगी। मंदिर के सहयोगकर्ता श्याम दीक्षित और सुरेश शर्मा ने बताया कि यह जाप आमजन के समयदान से पूरे किए जाएंगे। उनका उद्देश्य अधिक से अधिक



लोगों को इस पुण्य कार्य में शामिल करना है, ताकि समाज में सियाराम नाम स्मरण की प्रवृत्ति बढ़े और भक्तिभाव का संचार हो। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देगा, बल्कि समाज में धार्मिक एकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करेगा।

### सांसद ने किया शोभायात्रा का स्वागत



**बेधड़क, जयपुर।** रामनवमी पर रामगंज चौपड़ से निकाली गई शोभायात्रा का जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, जयपुर शहर अध्यक्ष अमित गोयल, भाजपा नेता चंद्रमनोहर बटवाड़ा, महापौर कुसुम यादव, पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव, अमरनाथ महाराज ने पुष्पवर्षा कर, माला और साफा पहनाकर स्वागत किया एवं भगवान श्रीराम की आरती उतारी। पूर्व पार्षद एवं चेयरमैन अजय यादव ने बताया कि भक्तों में गजब का उत्साह और उल्लास देखने को मिला। रैली में भगवान राम, लक्ष्मण, जानकी और हनुमान सहित विभिन्न झांकियां सजाई गईं। बैंड-बाजे, ढोल, मंजीरे की धुनों पर भगवा वस्त्र और साफा धारण किए युवा हाथों में भगवा झंडा लेकर झूमते-नाचते साथ चल रहे थे।

रामचंद्र जी की महाआरती





### राज्यपाल ने की पूजा-अर्चना



*मंदिर श्री रामचंद्रजी चांदपोल में शाम को महाआरती में राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े भी शामिल हुए। राज्यपाल ने इस अवसर पर भगवान श्रीरामचंद्रजी के दर्शन कर प्रदेश में सुख-समृद्धि की कामना करते हुए सबसे प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। महंत नरेन्द्र तिवाड़ी ने राज्यपाल को पूजा-अर्चना कराकर मंदिर का विशेष दुपट्टा व प्रसाद भेंट किया।*

---

## जरूरी खबर

### प्रदेश में 5वीं की बोर्ड परीक्षाएं आज से

**बेधड़क. जयपुर।** प्रदेश में कक्षा 5वीं के बोर्ड परीक्षाएं सोमवार से शुरू होंगी। इस बार कुल 13 लाख 58 हजार विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। इसके लिए राज्य भर में 19 हजार 578 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां सुबह 8 से 10:30 बजे तक परीक्षा होगी। विद्यार्थियों के लिए सुविधा के रूप में, परीक्षा केंद्र उनके घर के नजदीक बनाए गए हैं, ताकि उन्हें यात्रा में अधिक समय न लगे। केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका के बजाय प्रश्न पत्र बुकलेट में ही अपना रोल नंबर लिखना होगा। परीक्षा बुकलेट पहले से नजदीकी थानों में रखी गई हैं। परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले इन्हें परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाया जाएगा।

### जयपुर में होगा BCCI का विशेष प्रशिक्षण शिविर

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर एक बार फिर बीसीसीआई के प्रतिष्ठित अंडर-16 एनसीए विशेष प्रशिक्षण शिविर (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) का मेजबान बनने जा रहा है। राजस्थान क्रिकेट संघ की एडहॉक समिति के संयोजक और विधायक जयदीप बिहाणी ने जानकारी दी कि बीसीसीआई की ओर से चयनित प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण देने के लिए देशभर में एनसीए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए गए हैं। ऐसे में इस बार भी बीसीसीआई ने जयपुर को अंडर-16 शिविर के आयोजन की ज़िम्मेदारी सौंपी है।

---

## अप्रैल के पहले हफ्ते में ही रिकॉर्ड तोड़ गर्मी

# प्रदेश के 21 जिलों में पारा @ $40^0$ के पार

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में अप्रैल माह में ही तेज गर्मी का असर शुरू हो गया है। रविवार को तापमान ने 56 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। बाड़मेर में अप्रैल के पहले सप्ताह में 1969 के बाद अब तक का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 6.8 डिग्री अधिक रहा। इससे पहले 3 अप्रैल 1998 को बाड़मेर में अप्रैल के पहले सप्ताह में 45.2 डिग्री तापमान दर्ज हुआ था। रविवार को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान 39 से 45 डिग्री के बीच रहा। इस दौरान तापमान सामान्य से 2 से 7 डिग्री तक अधिक दर्ज किया गया। प्रदेश के 21 जिलों में तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा।



### तीन दिन बाद बारिश की उम्मीद

मौसम विभाग ने सोमवार से तापमान में बढ़ोतरी और हीटवेव को लेकर अलर्ट जारी किया है। 7 से 9 अप्रैल के दौरान बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा व जयपुर संभागों में गर्मी का असर रहने की संभावना है। वहीं, जोधपुर और कोटा संभाग में कहीं-कहीं तीव्र हीटवेव की स्थिति बन सकती है। इसके अलावा 10-11 अप्रैल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इससे राज्य के पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में कहीं-कहीं मेघगर्जन, आंधी और हल्की बूंदाबांदी की संभावना है।

### अचानक पांच डिग्री तक बढ़ा तापमान

प्रदेश में रविवार को हवा नहीं चलने के कारण तापमान में अचानक बढ़ोतरी हुई। कई जिलों में इस दौरान तापमान में 5 डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की गई। लूणकरणसर में तापमान 4.4 डिग्री, बीकानेर में 4.1, सीकर में 4, चूरू में 3.9 और जयपुर में 2.7 डिग्री बढ़ गया। वहीं, शनिवार को दिन में हवा चलने के कारण कई जिलों में रात के तापमान में गिरावट देखी गई। डूंगरपुर में रात का तापमान 9.2 डिग्री गिरकर न्यूनतम 12.7 डिग्री दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा। कुछ जिलों में रात का तापमान 5 डिग्री तक बढ़ा भी। अचानक तापमान बढ़ने का मुख्य कारण पाकिस्तान-राजस्थान की सीमा पर एक एंटी-साइक्लोन का बनना और इसके प्रभाव से पश्चिमी हवाओं का सक्रिय होना है।

**40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान वाले जिले**

| जिला/स्थान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| बाड़मेर | 45.6 | 28.8 |
| जैसलमेर | 45.0 | 25.5 |
| जोधपुर | 43.0 | 22.0 |
| जयपुर | 40.7 | 23.3 |
| अजमेर | 40.8 | 20.7 |
| भीलवाड़ा | 41.6 | 18.5 |
| वनस्थली | 41.6 | 18.1 |
| पिलानी | 41.0 | 18.8 |
| कोटा | 42.4 | 22.6 |
| चित्तौड़गढ़ | 43.2 | 18.7 |
| उदयपुर | 40.9 | 21.6 |
| फलोदी | 41.0 | 27.8 |
| बीकानेर | 43.3 | 24.7 |
| चूरू | 42.4 | 19.6 |
| गंगानगर | 41.7 | 21.3 |
| बारां | 40.0 | 17.1 |

---

# लापरवाह पुलिस अफसरों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश

**बेधड़क, जयपुर।** कोर्ट के आदेशों की लगातार अवहेलना करने पर एसीजेएम जयपुर मेट्रो कोर्ट ने लापरवाह पुलिस अफसरों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। इस संबंध में कोर्ट ने प्रमुख सचिव (गृह), डीजीपी और जयपुर पुलिस कमिश्नर को अवमानना नोटिस जारी करते हुए लापरवाह जांच अधिकारी पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल को निर्धारित की गई है। अधिवक्ता एन.एल. वर्मा ने बताया कि प्रार्थी संजय शर्मा के विरुद्ध किराया अधिकरण में एक कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है, जिसकी एफएसएल जांच के लिए न्यायालय ने कई बार आदेश दिए हैं, लेकिन उनकी बार-बार अवहेलना की जा रही है। दोषियों को बचाते हुए प्रार्थी को न्याय से वंचित किया जा रहा है।

### पुलिस कमिश्नर 10 को जामडोली थाने में करेंगे सुनवाई

**बेधड़क. जयपुर।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ आगामी 10 अप्रैल को शाम 4 से 7 बजे तक जामडोली थाने में जनसुनवाई करेंगे। इस जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों के परिवादी अपनी शिकायतें सीधे पुलिस अधिकारियों के सामने रख सकेंगे।

---

## डिब्बा कॉलर 17 अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर

# आदित्य ने गैंगस्टर के इशारे पर बनवाए थे वीजा

**बेधड़क** | जयपुर

लॉरेंस गैंग के लिए डिब्बा कॉलर का काम करने वाले आदित्य जैन ने दुबई में बैठकर प्रदेश के लोगों के वीजा बनवाए हैं। आशंका है कि आदित्य द्वारा बनवाए गए इन वीजा में ऐसे बदमाश भी शामिल हैं जो प्रदेश में बैठकर व्यापारियों से रंगदारी मांगते हैं। इस मामले में एसआईटी टीम आदित्य से पूछताछ कर रही है और जानकारी जुटा रही है।

संभावना है कि आदित्य ने गैंगस्टर रोहित गोदारा के कहने पर कई लोगों को वीजा दिलवाया था। एसआईटी यह भी जांच कर रही है कि गैंग में लोगों को कैसे जोड़ा जाता है। रंगदारी वसूलने के लिए आदित्य के साथ अन्य बदमाश भी



जुड़े हुए हैं, जिनके नाम पूछताछ के दौरान सामने आने की संभावना है। इधर, एजीटीएफ टीम और कुचामन पुलिस ने आदित्य को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर रविवार को न्यायाधीश के सरकारी आवास पर पेश किया। कोर्ट ने जैन को 17 अप्रैल तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया। आदित्य पर कुचामन में 5 व्यापारियों को फिरौती के लिए धमकी देने के मामले दर्ज हैं। इसके अलावा चूरू, अजमेर सहित अन्य थानों में भी विभिन्न अपराधों में मामले दर्ज हैं। गौरतलब है कि डिब्बा कॉलिंग करने वाले आदित्य जैन को पुलिस मुख्यालय की एजीटीएफ टीम की सूचना पर दुबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इंटरपोल के माध्यम से हुए पत्राचार के बाद एजीटीएफ की टीम दुबई पहुंची और उसे जयपुर लेकर आई।

### 7 साल पहले हुआ था गैंग में शामिल

आदित्य वर्ष 2018 में लॉरेंस गैंग से जुड़ा था। तभी से उसने व्यापारियों से रंगदारी मांगना शुरू कर दिया। वह व्यापारियों के नाम और मोबाइल नंबर गैंगस्टर्स को देता था, जिनके आधार पर फिरौती मांगी जाती थी। जब व्यापारी पैसे नहीं देते थे, तो उनके घर की रैकी करवाई जाती थी। जरूरत पड़ने पर उन्हें डराने के लिए फायरिंग या मर्डर करवा दिया जाता था, ताकि अन्य लोग डर के चलते तुरंत रंगदारी दे दें। वारदात के दौरान लाइव वीडियो बनवाकर सोशल मीडिया पर वायरल किए जाते थे, ताकि गैंग की दहशत फैले।

### वारदात के लिए हाइटेक हथियार

गैंग विभिन्न देशों के बदमाशों से संपर्क कर हाइटेक हथियार मंगवाती है। हथियारों की मूवमेंट के लिए अलग टीम काम करती है, ताकि पुलिस की पकड़ से दूर रह सकें। वारदात को अंजाम देने के लिए भी विशेष टीम बनाई जाती है। यदि हथियार पुलिस के हाथ नहीं लगते तो केस कमजोर पड़ सकता है।

### नाबालिग बच्चों से कराते हैं फायरिंग

एसआईटी की जांच में यह भी सामने आया है कि यह गैंग रंगदारी वसूली के लिए व्यापारियों पर फायरिंग कराने के लिए नाबालिग बच्चों को शामिल करती है। इन बच्चों को बड़ी रकम या विदेश भेजने का लालच देकर गैंग से जोड़ा जाता है। गैंग के बदमाश कई देशों में सक्रिय हैं।

---

# मांस की दुकानों से वसूला 31 हजार रुपए का जुर्माना

**बेधड़क** | जयपुर

रामनवमी पर रविवार को नगर निगम हेरिटेज ने सतर्कता शाखा के तहत विशेष अभियान चलाकर रामगंज, मछली मार्केट, चांदपोल और गंगापोल रोड क्षेत्र में संचालित मीट एवं मांस की दुकानों पर सख्त कार्रवाई की। नगर निगम की पशु प्रजनन शाखा, मीट निरीक्षण शाखा और सतर्कता शाखा की संयुक्त टीम ने मौके पर निरीक्षण किया।

पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश शर्मा तथा मीट प्रभारी विक्रम सिंह और चंद्रमोहन नावरिया ने मौके पर 31,000 रुपए का जुर्माना वसूला। यह दंड दुकानदारों से सार्वजनिक स्थानों पर मांस प्रदर्शित करने, स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने और खुले में मुर्गे रखने जैसे मामलों में लगाया गया। अधिकारियों ने बताया कि रामनवमी जैसे पवित्र पर्व पर मांस बिक्री पर रोक को लेकर पहले ही निर्देश जारी किए गए थे, बावजूद इसके कुछ दुकानदारों ने आदेशों की अवहेलना की।



*दसरथ पुत्रजन्म सुनि काना। मानहु ब्रह्मानंद समाना॥*
*परम प्रेम मन पुलक सरीरा। चाहत उठन करत मति धीरा॥*

**अर्थात्:** राजा दशरथ पुत्र का जन्म कानों से सुनकर मानो ब्रह्मानंद में समा गए। मन में अतिशय प्रेम है, शरीर पुलकित हो गया। बुद्धि को धीरज देकर वे उठना चाहते हैं।

*जाकर नाम सुनत सुभ होई। मोरें गृह आवा प्रभु सोई॥*
*परमानंद पूरि मन राजा। कहा बोलाइ बजावहु बाजा॥*

**अर्थात्:** जिनका नाम सुनने से ही कल्याण होता है, वही प्रभु मेरे घर आए हैं। (यह सोचकर) राजा का मन परम आनंद से पूर्ण हो गया। उन्होंने बाजेवालों को बुलाकर कहा कि बाजा बजाओ।

### श्रद्धा और धूमधाम से मनाई रामनवमी: राम जन्मोत्सव पर घर-घर, गली-गली, मंदिर-मंदिर गूंजे 'जय श्री राम' और 'जय सियाराम' के उद्‌घोष

# भगवामय हुआ प्रदेश, सभी जगह निकली प्रभु श्री राम की शोभायात्रा... सुंदर झांकियों ने मन मोहा

## मेहंदीपुर बालाजी में प्रभु का 121 किलो पंचामृत से किया अभिषेक

- जोधपुर में केदारनाथ की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र
- जैसलमेर में साहसिक करतबों को देख लोग हुए रोमांचित

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ रामनवमी मनाई गई। इस पावन दिन पूरा प्रदेश भगवामय हो गया। हर शहर-कस्बे-गांव में शोभायात्रा निकली। मेहंदीपुर बालाजी में 121 किलो पंचामृत से प्रभु श्री राम का अभिषेक किया गया, वहीं स्वर्णनगरी जैसलमेर में पूजा के साथ-साथ साहसिक करतबों का भी आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। ये करतब दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने। इसी तरह, समूचे राज्य में कई आयोजनों ने माहौल राममय बना दिया।

**मेहंदीपुर बालाजी:** दौसा जिले के मेहंदीपुर बालाजी में रविवार को रामनवमी के अवसर पर दोपहर सवा 12 बजे भगवान राम की महाआरती की गई। इस दौरान बालाजी मंदिर ट्रस्ट के पीठाधीश्वर महंत डॉक्टर नरेशपुरी महाराज द्वारा महाआरती से पूर्व भगवान राम को 121 किलो पंचामृत से अभिषेक कर भगवान राम और सीता माता को रत्नजड़ित पोशाक पहना श्रृंगार कर मनमोहक रूप दिया गया। वहीं, पीठाधीश्वर महंत डॉक्टर नरेशपुरी महाराज ने महाआरती कर भगवान राम के छप्पन भोग प्रसादी चढ़ाई।



सवाई माधोपुर में श्रीराम की शोभायात्रा की झांकी।

### सवाई माधोपुर में भगवा पताकाएं लेकर निकले भक्त

यहां श्रीराम जानकी मंदिर से साधु संतों के सान्निध्य में भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा से पूर्व श्रीराम जानकी मंदिर में भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान 11 पंडितों ने भगवान राम का विशेष अभिषेक और श्रृंगार कर महाआरती की। शोभायात्रा में शामिल भक्त भगवान राम का चित्र अंकित भगवा पताका लेकर जय श्रीराम के नारे लगाते चल रहे थे। शोभायात्रा में भगवान श्री राम, सीता माता, हनुमान जी, शिव परिवार आदि की सजीव झांकियां सजाई गईं। शोभायात्रा में हजारों महिला-पुरुष शामिल हुए।



जैसलमेर में शोभायात्रा में युद्ध कौशल का प्रदर्शन।

### जैसलमेर में सैकड़ों महिलाएं मंगल कलश के साथ हुईं शामिल

यहां राम जन्मोत्सव के अवसर पर 'जय श्री राम' के जयकारे गूंजते रहे और पूरा शहर राम के रंग में रंगा नजर आया। रामनवमी के दिन शहीद पूनम सिंह स्टेडियम में भगवान रामलला की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूजा के साथ-साथ साहसिक करतबों का भी आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। ये करतब दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बने। इस दौरान विधायक छोटू सिंह भाटी भी मौजूद रहे। उन्होंने प्रदेश और देश की जनता को रामनवमी की बधाई दी। इसके बाद पूनम सिंह स्टेडियम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई ऐतिहासिक गड़ीसर सरोवर तक पहुंची। इस शोभायात्रा में हजारों लोग शामिल हुए। सैकड़ों महिलाएं और बालिकाएं मंगल कलश लिए शोभायात्रा में चलीं।

### केंद्रीय मंत्री चौधरी हुए शोभायात्रा में शामिल

रामनवमी पर बाड़मेर जिला मुख्यालय पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भगवा ध्वज लहराते हुए लोग शामिल हुए। जय श्री राम के उद्‌घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हुआ। यह शोभायात्रा हाई स्कूल मैदान से भगवान श्री राम की पूजा अर्चना के बाद रवाना हुई। इसमें शिव तांडव और अन्य धार्मिक प्रसंगों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। पूरे मार्ग में लोगों ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में साध्वी सत्यसिद्धा, पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी, बाड़मेर विधायक डॉ. प्रियंका चौधरी, चौहटन विधायक आदुराम मेघवाल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मनोहरलाल बंसल सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



मेहंदीपुर बालाजी में सजी राम-सीता की प्रतिमा।

### केदारनाथ की झांकी

जोधपुर में रामनवमी के मौके पर विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली गई। इसमें लखारा समाज की बनाई अनूठी केदारनाथ की झांकी शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र बनी। इसमें बाबा केदारनाथ के मंदिर का स्वरूप झांकी के तौर पर सजाया गया, खास बात यह रही कि थर्माकोल और ऑयल पेंट की मदद से इसे तैयार किया गया। इसे बनाने में 28 दिन लगे। शोभायात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं का ध्यान इस झांकी ने खींचा, श्रद्धालु बाबा केदारनाथ के दर्शन कर सुख समृद्धि की मंगल कामना करते दिखे। खास बात यह है कि ट्रैक्टर के अंदर 360 डिग्री में घूमती हुई यह झांकी हर किसी को आकर्षित कर रही थी।




जोधपुर में शोभायात्रा में शामिल केदारनाथ की झांकी।

### डूंगरपुर में जीवंत झांकियों ने मोहा मन

डूंगरपुर में शोभायात्रा में 51 घोड़े और बग्घियों पर साफा बांधे युवा और बच्चे सवार थे, जिनमें भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, शिव-पार्वती की जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र बनीं। वहीं, 50 से अधिक डीजे और बैंड पर श्रीराम की धुनों पर युवा थिरकते नजर आए। शोभायात्रा बादल महल से रवाना होकर शास्त्री कॉलोनी रोड, पुराना बस स्टैंड होते हुए वापस गेपसागर पहुंची। शोभायात्रा मार्ग पर विभिन्न स्टाल्स पर श्रद्धालुओं की सेवा की गई।

### अजमेर में चांद बावड़ी से निकली शोभायात्रा

अजमेर में दोपहर बारह बजते ही भगवान के मंदिरों और घरों से घंटे घड़ियालों की आवाज के बीच सुमधुर ध्वनि, "भए प्रकट कृपाला, दीनदयाला कौशल्या हितकारी" आरती गूंजी। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। शहर के चांद बावड़ी स्थित चंद्रेश्वर महादेव मंदिर से दोपहर तीन बजे शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में 15 झांकियां, काली माता के अखाड़े, बैंड एवं ढोल शामिल हुए। शोभायात्रा चांद बावड़ी से रवाना होकर राजेंद्र स्कूल, आशा गंज, केसर गंज, नला बाजार, दरगाह बाजार, नया बाजार, महावीर सर्किल, पीआर मार्ग होते हुए वापस चांद बावड़ी पहुंची।

## जरूरी खबर

### राज्य कैरम प्रतियोगिता 12 अप्रैल से टोंक में

**टोंक।** राजस्थान राज्य कैरम एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला कैरम संघ टोंक के सहयोग से राजस्थान राज्य कैरम प्रतियोगिता 12 से 14 अप्रैल तक टोंक में आयोजित होगी। इसमें केवल पुरुष वर्ग की कैरम की सिंगल्स एवं डबल्स की स्पर्धाएं खेली जाएंगी। राजस्थान राज्य कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष सूरज खत्री ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिला कैरम संघ अपनी प्रविष्टि दे सकते हैं। इस प्रतियोगिता में प्रविष्टि शुल्क सिंगल्स के लिए 300 व डबल्स का 400 रुपए होगा। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 14 अप्रैल को आयोजित होगा।

### सिरोही के युवक की बागरा में ट्रेन की टक्कर से मौत

**जालोर।** जिले के बागरा गांव में रविवार को ट्रेन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। बागरा थाने के एएसआई पूनमाराम ने बताया कि चूरू जिले के बिंदासर का सीताराम पुत्र ओमप्रकाश मजदूरी करने के लिए सिरोही में रह रहा था। रविवार को घर से बिना बताए वह बागरा रेलवे ब्रिज के नीचे से गुजर रही ट्रेन के पास पहुंच गया। वहां ट्रेन की टक्कर से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की तलाशी में मोबाइल और पर्स में 165 रुपए मिले। पुलिस ने शव अस्पताल की मोर्चरी में रखवा परिजनों को सूचना दी है।

### सरदारशहर के पास तेज रफ्तार कार पलटी

## तीन युवकों की मौत, एक गंभीर घायल

**बेधड़क** | चूरू

सरदारशहर उपखंड के खेजड़ा गांव के पास रविवार को एक तेज रफ्तार कार पलटने से कार में सवार 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

भानीपुरा थानाधिकारी राय सिंह ने बताया कि खेजड़ा दिखनादा निवासी मनोज (23) पुत्र गौरीशंकर जाट, पवन (22) पुत्र कृष्ण स्वामी, रावतसर के बांगासर निवासी मनोज (22) पुत्र रामकुमार जाट और संदीप (30) पुत्र राजपाल जाट खेजड़ा गांव में अपने परिवार में होने वाली शादी का सामान लेने के लिए कार में सवार होकर सरदारशहर जा रहे थे। इसी दौरान खेजड़ा गांव से थोड़ी दूरी पर घुमावदार मोड़ आने पर कार पलट गई। इस पर वहां से गुजर रहे लोगों ने हादसे की सूचना 108 एंबुलेंस को दी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने सभी को राजकीय अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने खेजड़ा दिखनादा निवासी मनोज पुत्र गौरीशंकर जाट और रावतसर के बांगासर निवासी संदीप पुत्र राजपाल जाट को मृत घोषित कर दिया। वहीं, अस्पताल में उपचार के दौरान एक और युवक ने दम तोड़ दिया।



*सरदारशहर अस्पताल में एंबुलेंस में लाए गए घायल।*

### शादी के घर में पसरा मातम

लोगों ने बताया कि खेजड़ा दिखनादा निवासी मनोज पुत्र गौरीशंकर जाट के घर मे चचेरी बहन की रविवार को ही शादी थी। इस शादी का सामान लेने के लिए ये युवक कार से सरदारशहर जा रहे थे। बता दें कि हादसे की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली, शादी के घर में मातम पसर गया है।

### राजस्थान से पहले नेता CPM की सर्वोच्च निर्णयकारी समिति में

## अमराराम माकपा पोलित ब्यूरो में शामिल

**लक्ष्मण राघव** | बेधड़क

**बीकानेर।** राजस्थान की राजनीति में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए सीकर से सांसद अमराराम को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) यानी माकपा के पोलित ब्यूरो में शामिल किया गया है। यह पहली बार है जब राजस्थान के किसी नेता को पार्टी की सर्वोच्च निर्णयकारी समिति में स्थान मिला है।

अमराराम न केवल चार बार राजस्थान विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं, बल्कि वे राजस्थान किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष के रूप में भी लंबे समय तक किसान हितों के लिए संघर्ष करते रहे हैं। किसान आंदोलनों से लेकर जनहित के मुद्दों तक, उन्होंने हमेशा गरीब, किसान और मजदूर वर्ग की आवाज बुलंद की है। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की महासचिव सीमा जैन ने अमराराम को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि "अमराराम लगातार सक्रिय रहते हुए राजस्थान में किसानों की आवाज उठाते रहे हैं। माकपा ने उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, यह पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है।"

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अमराराम की यह नियुक्ति राजस्थान में वामपंथी राजनीति को एक नई ऊर्जा दे सकती है। माकपा के लिए यह कदम संगठनात्मक विस्तार और क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजस्थान की धरती से निकले इस जमीनी नेता का राष्ट्रीय राजनीति के उच्चतम मंच तक पहुंचना, निश्चित ही एक प्रेरणादायक कहानी है।



*सांसद अमराराम सीपीएम कार्यकर्ताओं के साथ।*

### डेढ़ लाख रुपए की लागत से सीवी गार्डन में लगवाया विशेष पिंजरा

## ऑस्ट्रेलियन तकनीक से हो रहा मगरमच्छ का रेस्क्यू

**बेधड़क** | कोटा

चंबल किनारे बसे कोटा शहर में मगरमच्छों का रिहायशी इलाकों में आकर दहशत फैलाना आम बात है। वन विभाग की टीम भी आए दिन मगरमच्छों को रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर छोड़ती है। हालांकि, इस बार टीम को एक ऐसी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, मगरमच्छ ने जिस जगह डेरा जमाया है, वहां से उसे निकालना मुश्किल हो रहा है। यही वजह है कि प्रदेश में पहली बार ऑस्ट्रेलियन तकनीक का सहारा लेकर मगरमच्छ को रेस्क्यू करने की कोशिश की जा रही है। कोटा के बीच में स्थित प्रसिद्ध सीवी गार्डन के तालाब में मगरमच्छ के देखे जाने के बाद हड़कंप मच गया। यह तालाब आमतौर पर पर्यटकों के लिए बोटिंग का पसंदीदा स्थान होता है, लेकिन मगरमच्छ की मौजूदगी के चलते बोटिंग पूरी तरह बंद कर दी गई है। वन विभाग द्वारा इस मगरमच्छ के रेस्क्यू के लिए ऑस्ट्रेलियाई तकनीक से बनाए गए पिंजरे की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए है।



### मील का पत्थर बन सकती है ये तकनीक

वन विभाग की टीम और प्रेम कंवर के अनुसार यह तकनीक आने वाले समय में राज्य के अन्य क्षेत्रों में भी अपनाई जा सकती है, जहां मगरमच्छ या अन्य जलीय जीव रिहायशी इलाकों में घुस आते हैं। जानकारों का कहना है कि कोटा में नई तकनीक से चल रहा यह रेस्क्यू ऑपरेशन अगर सफल होता है, तो प्रदेश के लिए यह एक मील का पत्थर साबित हो सकता है।

### प्रेम कंवर ने लिया ऑस्ट्रेलिया से प्रशिक्षण

इस ऑपरेशन की जिम्मेदारी सहायक वनपाल प्रेम कंवर शक्तावत को सौंपी गई है। वे अब तक सैकड़ों मगरमच्छों को रेस्क्यू कर चुकी हैं। प्रेम कंवर राजस्थान की पहली महिला सहायक वनपाल हैं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में मगरमच्छ रेस्क्यू तकनीक का विशेष प्रशिक्षण लिया है। प्रेमकंवर के सुझाव से ही सीवी गार्डन में पिंजरा बनाया गया है। प्रदेश में ऐसा पिंजरा कहीं भी नहीं है, जिससे कि जलीय जीवों का रेस्क्यू हो सके। पिंजरा करीब 10 फीट लंबा और 5 फीट चौड़ा है। इसे रखने के लिए अलग से ट्रॉली भी बनाई गई है। जिसके सहारे पिंजरे को नदी, तालाब व नहरों में आसानी से लगाया जा सकता है। पिंजरे के दोनों ओर एल्युमीनियम के गोल पाइप लगाए गए हैं, जिससे पिंजरा पानी में नहीं डूबता बल्कि तैरता है। जिसमें मगरमच्छ को ट्रैप करने के लिए करीब 5 किलो मांस भी बांधा है। जैसे ही मगरमच्छ मांस खाने की कोशिश करेगा, वैसे ही वह पिंजरे में कैद हो जाएगा। पिंजरे व मगरमच्छ के मूवमेंट की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। पिंजरे में मगरमच्छ के आने पर ट्रैप किया जा सकेगा।

### झुंझुनूं में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर बोले...

## स्पोर्ट्स किट घोटाले की जांच और कठोर कार्रवाई होगी

**बेधड़क** | झुंझुनूं

जिले के टमकोर में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सरकारी स्कूलों में हाल ही में सप्लाई किए गए घटिया स्पोर्ट्स किट्स को लेकर लगातार आ रही शिकायतों के बाद जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने साफ कहा कि जो भी इस घोटाले में दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। गौरतलब है कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 20 से 25 हजार रुपए तक की कीमत के स्पोर्ट्स किट भेजे गए हैं, लेकिन इनकी क्वालिटी बेहद खराब है। इनके बिल भी मार्केट वैल्यू से 2 से 3 गुना अधिक के हैं। इस पर शिक्षकों के संगठनों ने भी विरोध जताया है। यह सप्लाई प्रदेश स्तर पर चयनित एक फर्म द्वारा की गई थी। दिलावर ने टमकोर स्थित महाप्रज्ञा इंटरनेशनल स्कूल के एक कार्यक्रम में इस मामले में प्रतिक्रिया दी। साथ ही, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वाइस प्रिंसिपल का पद समाप्त नहीं किया गया है, बल्कि अब इस पद का नाम बदलकर 'सीनियर लेक्चरर' कर दिया गया है।



## 'कला हर जगह' प्रदर्शनी में 40 कलाकारों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

# राम के रंग में रंगी कला, कलाकारों ने रचा 'श्रद्धा का संसार'

**बेधड़क** | जयपुर

रामनवमी के पावन अवसर पर भगवान राम का स्वरूप जब कैनवास पर उभरा तो कला में आस्था की झलक साफ नजर आई। कलाकार अभिषेक शर्मा ने जब कैनवास पर प्रभु श्रीराम की छवि उकेरी, तो यह चित्र 'कला हर जगह' प्रदर्शनी का आकर्षण बन गया। जवाहर कला केंद्र की चतुर्दिक कला दीर्घा में रविवार को 40 कलाकारों ने अपने रंग, रेखा और संवेदना से कला का संसार रचा। पेंटिंग एग्जीबिशन 'कला हर जगह' के दौरान विविध कलात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिसमें बड़ी संख्या में कला प्रेमियों और कलाकारों ने भाग लिया। हर कोना रचना, रंग और रचनात्मकता की गवाही दे रहा था। शहर ही नहीं, बाहर से भी कई लोग इस कला मेले में शामिल होने पहुंचे। एग्जीबिशन के क्यूरेटर मितुल अग्रवाल ने बताया कि जयगढ़ पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट की असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. चांदनी चौधरी और सिटी पैलेस जयपुर की सीनियर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव गुरशीन कौर ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कलाकारों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को प्रोत्साहित करने का माध्यम बनने चाहिए।


राम की तस्वीर बनाते अभिषेक शर्मा।


अपना कैरीकेचर दिखातीं युवतियां।

### कैरीकेचर की वर्कशॉप में युवाओं की उमड़ी भीड़

इस मौके पर अभिषेक शर्मा ने ग्लास पेंटिंग, ब्लू पॉटरी और कैरीकेचर से जुड़ी वर्कशॉप्स का आयोजन भी किया। करीब 20 कलाकारों ने इन विधाओं में हिस्सा लिया। अभिषेक ने प्रतिभागियों को कुम्हार की चाक पर ब्लू पॉटरी के बेसिक आर्टिफैक्ट्स जैसे फ्लावर पॉट और बाउल बनवाए। उन्होंने पानी और मिट्टी के अनुपात से लेकर डिजाइनिंग तक की बारीकियां साझा कीं। कैरीकेचर वर्कशॉप में प्रतिभागियों ने प्रदर्शनी में आए लोगों के सामने बैठकर उनके स्केच तैयार किए। इस दौरान अभिषेक ने आंख, नाक और गालों की विशेष बनावट को दर्शाने की तकनीकें भी समझाईं।

## Events

### भागवत कथा में रासलीला का मंचन



**बेधड़क, जयपुर।** जगतपुरा स्थित सेवाकुंज आश्रम में ठाकुरजी श्री निम्बार्क कृष्ण बिहारी के पाटोत्सव में श्रीमद् भागवत कथा में रविवार को व्यास पीठ से आचार्य रमेश चंद्र शास्त्री ने मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि जीवन रूपी महाभारत को जीतना है तो कृष्ण की शरण में चले जाओ, यानी उन्हें अपना बना लो। सेवाकुंज आश्रम मंहत संत कृष्ण शरण दास 'कल्याण बाबा' के सानिध्य में कथा में अस्थल के निंबार्क संत सहित अनेक संत महंतों की उपस्थिति में आचार्यश्री ने कहा कि मनुष्य जीवन में मानव का शरीर रथ है और इसकी दसों इंद्रियां अश्व, यानी घोड़े हैं, जो शरीर को दसों दिशाओं में भटकाते हैं। इस दौरान रात में वृंदावन के रासाचार्य भुवनेश्वर वशिष्ठ मंडली ने रासलीला का मंचन किया।

### गरीब बच्चों को बांटे उपहार



**बेधड़क, जयपुर।** रामनवमी के शुभ अवसर पर रविवार को भारतीय संस्कृति संस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से कच्ची बस्तियों में गरीब कन्याओं को भोजन प्रसादी के साथ ही उपहार स्वरूप स्कूल बैग, लंच बॉक्स, ड्राइंग बॉक्स और पानी की बोतल का वितरण किया गया। संस्थान की संचालिका सीमा शर्मा ने बताया कि संस्थान विगत कई वर्षों से सामाजिक सेवा कार्य करता आ रहा है। इसी कड़ी में संस्था गरीब और असहाय लोगों को नियमित भोजन भी उपलब्ध कराती रहती है।

### नेट थिएट में सजा गजलों का गुलदस्ता



**बेधड़क, जयपुर।** नेट थिएट के कलर्स ऑफ गजल कार्यक्रम में अजमेर के सिंगर हार्दिक थारुका ने मखमली आवाज में गजलों का गुलदस्ता पेश कर मौसिकी से रूबरू कराया। राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि कलाकार ने शुरुआत लोग कहते हैं अजनबी तुम हो, अजनबी मेरी जिंदगी तुम हो... से की। इसके बाद उन्होंने जाने दिल जाने तमन्ना कौन है, जाने दिल जाने तमन्ना... सुनाई। उनके साथ तबले पर धीरज चौहान ने उंगलियों का जादू दिखाया। गिटार पर अंकेश खटाणा ने संगतकर कार्यक्रम को ऊंचाइयां दी। कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी तथा कार्यक्रम में इम्पीरियल प्राइम कैपिटल के कला रसिक मनीष अग्रवाल की ओर से कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कैमरा मनोज स्वामी, संगीत संयोजन जितेन्द्र शर्मा, मंच सज्जा रेणु सनाढ्य, जीवितेश शर्मा व अंकित शर्मा नानू की रही।

## शहर के प्रमुख राम मंदिरों में हुए विशेष पूजन और भजन-कीर्तन, सजाई झांकियां

# रामनवमी पर आस्था में डूबा शहर मंदिरों में दिनभर गूंजा जय श्री राम


आदर्श नगर का श्री राम मंदिर।


गिरीश पोद्दार, अनंत पोद्दार, रोमा पोद्दार, कमला पोद्दार और अभिषेक पोद्दार।

**बेधड़क** | जयपुर

राम नाम के जयघोष, घंटियों की गूंज और भक्तों की उमड़ी भीड़ के बीच रविवार को शहर के मंदिर राममय हो उठे। रामनवमी पर श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर श्रीराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। कई स्थानों पर अखंड रामायण, भजन संध्या, शोभायात्रा और प्रसादी जैसे धार्मिक आयोजनों ने भक्तिभाव का माहौल बना दिया।

बनीपार्क स्थित श्रीराम मंदिर में श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में दौरान डॉ. शेखर सक्सेना और ललिता पालीवाल उपस्थित रहे। उनके साथ पं. पुनीत, संजीव, मनीष और यतेंद्र जैसे कलाकारों ने संगत की। आरती व प्रसाद के साथ भक्तों ने जयकारे लगाए। इस अवसर पर कमला पोद्दार, गिरीश पोद्दार, अनंत पोद्दार, रोमा पोद्दार और अभिषेक पोद्दार ने कार्यक्रम की मेजबानी की।


आदर्श नगर स्थित श्री राम मंदिर में रामनवमी पर रामजी के दर्शनों के लिए उमड़े भक्त।

### राम के जयघोष से गूंजा देहलावास



**बेधड़क, जयपुर।** राम जन्मोत्सव पर रविवार को राम जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में प्रताप नगर स्थित देहलावास बालाजी मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। इसका शुभारंभ हरिद्वार स्थित कन्या गुरुकुल करनाल आश्रम की पूर्व प्रिंसिपल एवं हिंदू फायर ब्रांड नेत्री साध्वी डॉ. प्राची दीदी ने साधु-संतों के सान्निध्य में किया। यात्रा संयोजक रविंद्र शर्मा ने बताया कि शोभायात्रा देहलावास से प्रारंभ होकर भैरूजी सर्कल, कुंभा मार्ग, काली माता मंदिर आदि मार्गों से गुजरते हुए त्रिपोलिया बालाजी मंदिर पहुंची। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर नगर निगम ग्रेटर चेयरमैन शंकर शर्मा, अशोक सिंह, ब्रह्मप्रकाश शर्मा, मुकेश पाराशर, रवि पाठक, अमित शर्मा सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### टॉफियों और फलों की उछाल

महिला मंडल की लक्ष्मी खुराना, सुशीला यादव, आशा बत्रा, सुदेश गुलाटी, मधु अरोड़ा, कांता आहूजा, उर्वशी गुलाटी, रीटा खुराना आदि महिलाओं ने जन्म लिया मेरे रघुराई, अवध पुरी में बहार आई..., गीत गाया। टॉफियों और फलों की उछाल की गई। भगवान को भोग लगने के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

### पंचामृत अभिषेक कर भगवान को पचरंगी पोशाक धारण कराई

आदर्श नगर स्थित श्री राम मंदिर में रामनवमी पर राम के दर्शनों के लिए भक्त उमड़े। मंगला आरती के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विश्व कल्याण की भावना से मंदिर समिति अध्यक्ष हरचरण लेकर, महामंत्री अनिल खुराना, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण मलिक सहित, रवि सचदेव ने हवन में आहुतियां दीं। मुंबई के पं. प्रेमप्रकाश दुबे के सानिध्य में संगीतमयी सुंदर कांड का पाठ किया गया। वहीं पं. बनवारी लाल शर्मा ने भगवान का पंचामृत अभिषेक कर भगवान के विग्रह को पचरंगी पोशाक धारण कराई। घंटे, घड़ियाल, शंख बजाकर भगवान की आरती की गई तो भक्त भावुक हो उठे। महोत्सव में विधायक काली चरण सराफ, रवि नैय्यर, पार्षद स्वाति परनामी, ऋतु मोतियानी, नीरज अग्रवाल सहित मंदिर प्रन्यास के शिवदत्त विरमानी, इंद्र कुमार चड्ढा, राजीव मनचंदा, अश्वनी बैरी, संजय आहूजा, जितेंद्र चड्ढा, संजीव धवन, हाकिम गेरा सहित अशोक भगत, किशोर मोतियानी, आशीष मेहता, डॉ. सुधीर सचदेव, डॉ. महेश पोपली, उमेश तनेजा, तुलसी संगतानी, नितिन भाटिया, ओम प्रकाश हरजानी, गोपाल कृष्ण शर्मा सहित भक्त सम्मिलित हुए।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष

# हमारी बेटियां जब स्वस्थ होंगी, तभी वास्तव में भारत सशक्त होगा



डॉ सौम्या गुर्जर
महापौर, नगर निगम ग्रेटर जयपुर

विश्व स्वास्थ्य दिवस की इस वर्ष की थीम है- स्वस्थ शुरुआत, आशावादी भविष्य। विश्व स्वास्थ्य संगठन यानी डब्ल्यू एच ओ ने मां एवं नवजात के स्वास्थ्य के लिए जागरूकता के साथ ही 'महिलाओं के दीर्घावधि स्वास्थ्य एवं उनका सुरक्षित जीवन' इस वर्ष जागरूकता विषय चुना है। महिला सशक्तीकरण पर चर्चा अक्सर शिक्षा, रोजगार, और अधिकारों तक सीमित रह जाती है, परंतु स्वास्थ्य जो सशक्तीकरण की सबसे बुनियादी और गहन आवश्यकता है, कई बार उपेक्षित रह जाता है। इस वर्ष डब्ल्यूएचओ ने महिलाओं के स्वास्थ्य को केन्द्र में रखा है। मातृत्व संबंधी स्वास्थ्य कठिनाइयों के साथ ही महिलाएं इन दिनों एक और बड़ी स्वास्थ्य संबंधी चुनौती से जूझ रही हैं। वह है सर्वाइकल कैंसर अर्थात गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर।

जयपुर में जब भी मैं अपने स्वास्थ्य योद्धाओं से मिलती हूं, उनके परिवारों से मिलती हूं, तो मुझे लगता है कि एक चीज की कमी है। उनका अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को लेकर थोड़ा सा अभाव मुझे नजर आता है। मैंने उनसे पूछा कि क्या आपने सर्वाइकल कैंसर की जांच करवाई है? तो उनका उल्टा सवाल होता, यह क्या होता है? क्यों जरूरी है? यह स्थिति मैंने अच्छी पढ़ी लिखी महिलाओं के बीच भी पाई। उनको भी इसकी गंभीरता का अंदाजा नहीं है। महिलाओं के स्वास्थ्य की सबसे बड़ी चुनौतियों में से है यह। भारत में महिलाओं को होने वाले कैंसर में पहले नंबर पर जहां ब्रेस्ट कैंसर तो दूसरे नंबर पर सर्वाइकल कैंसर है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि यदि समय पर वैक्सीन लग जाए तो सर्वाइकल कैंसर से बचा जा सकता है। पर इसके लिए जागरूकता जरूरी है। इसी वजह से जयपुर में हाल ही में संपन्न शक्ति वंदन महोत्सव को केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की ओर उठाया गया एक अभूतपूर्व कदम कहना उचित होगा। हमने इस आयोजन के दौरान पांच सौ से अधिक बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए एचपीवी टीका लगाया। यह एक आंकड़ा मात्र नहीं है, बल्कि बेटियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति एक दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस पहल के दौरान यह भी उजागर हुआ कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का स्तर अभी भी बहुत कम है। डर, भ्रांतियों और जानकारी के अभाव के कारण, टीकाकरण जैसे सरल और प्रभावी समाधान को भी कई बार संदेह की दृष्टि से देखा जाता है।




### टीकाकरण अभियान नहीं, हमारा सामाजिक दायित्व

जब मैंने सोचा कि शक्ति वंदन कार्यक्रम में इस बार महिलाओं के स्वरोजगार के साथ ही उनके स्वास्थ्य के विषयों खास कर सर्वाइकल कैंसर के खतरों के बारे में चर्चा करें। साथ ही सर्वाइकल कैंसर की निशुल्क वैक्सीन लगाने का निजी तौर से प्रयास किया। सबसे बड़ी चुनौती इसे लगवाने के लिए संभावितों को तैयार करने में ही आई। भले ही हजारों रुपए में लगने वाला यह वैक्सीन उन्हें निशुल्क लग रहा था, किन्तु इसके लिए मनाना कठिन हो रहा था। बहुत कोशिश करने पर कुछ स्वच्छता योद्धा तैयार हुईं। फिर स्कूल की बच्चियों के अभिभावक समझाने पर तैयार हुए। धीरे-धीरे सबको समझाया तो उनके परिवार और स्कूल की बच्चियां आगे आई और लगभग पांच सौ के आस पास वैक्सीन लगवाए। महिलाओं की स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति शुरुआती लापरवाही की वास्तविकता हमें भीतर तक झकझोरती है। यह सिर्फ एक टीकाकरण अभियान नहीं था; यह उन परिवारों के प्रति हमारा सामाजिक दायित्व था।

### बेटियों को स्वस्थ जीवन जीने की ताकत देने का एक संकल्प


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारी शक्ति वंदन दृष्टिकोण के तहत, शक्ति वंदन पहल ने महिला स्वास्थ्य और सुरक्षा को राष्ट्रीय प्राथमिकता दी है। यह प्रयास न केवल एक चिकित्सा पहल है, बल्कि बेटियों को भयमुक्त और स्वस्थ जीवन जीने की ताकत देने का एक संकल्प है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 2030 तक सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें लड़कियों के लिए एचपीवी वैक्सीन, महिलाओं की नियमित स्क्रीनिंग और प्रभावी उपचार को सुनिश्चित करना शामिल है। भारत ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रतिबद्धता जताई है, लेकिन केवल नीतिगत प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। इसके लिए सामाजिक जागरूकता को एक आंदोलन में बदलने की आवश्यकता है। जयपुर में शक्ति वंदन जैसी पहल यह दिखाती हैं कि बदलाव संभव है, लेकिन इसे व्यापक और गहरा बनाने की जिम्मेदारी हम सभी पर है। जब हमारी बेटियां स्वस्थ होंगी, तभी भारत वास्तव में सशक्त और समृद्ध होगा।

## आईपीएल 2025- हीरो कौन? जीरो कौन?

# धोनी के सन्नाटे से बुमराह की दस्तक तक



सिद्धार्थ महान
स्वतंत्र टिप्पणीकार




> सीएसके की बैटिंग इस सीजन लड़खड़ा रही है। रवींद्र जडेजा और अश्विन जैसे अनुभवी स्पिनर भी पूरे कोटे के ओवर नहीं फेंक पा रहे हैं। टीम ने अब तक सबसे कम छक्के लगाए हैं और उनका मिडिल ऑर्डर प्रदर्शन के मामले में काफी पीछे है। जहां तक स्ट्राइक रेट और पॉवर-हिटिंग की बात है, चेन्नई अब तक पूरे टूर्नामेंट की तुलना में सबसे कम छक्के लगाने वाली टीम रही है। उनका मिडिल ऑर्डर जो कभी विरोधी टीमों की कमर तोड़ देता था, अब संघर्ष करता दिख रहा है। नंबर 4 से 7 तक के बल्लेबाजों का औसत इस सीजन में तीसरी सबसे खराब टीमों में गिना जा रहा है, और स्ट्राइक रेट के मामले में तो चेन्नई फिलहाल सबसे पीछे है।

आईपीएल 2025 अब अपने दूसरे हफ्ते में पहुंच चुका है और जैसा कि हमेशा होता है, इस बार भी लीग की कहानी एक उलझी हुई पहेली की तरह बनती जा रही है। कोई एक टीम अब तक पूरी तरह से दबदबा नहीं बना पाई है, सिवाय दिल्ली कैपिटल्स के, जो अब तक अपने तीनों मुकाबले जीत चुकी है। बाकी सभी टीमों के प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव है और हर मैच के साथ समीकरण बदलते जा रहे हैं। इस हफ्ते की सबसे बड़ी खुशखबरी मुंबई इंडियंस और भारतीय टीम दोनों के लिए आई है। जसप्रीत बुमराह ने चोट के लंबे ब्रेक के बाद आखिरकार मुंबई के लिए वापसी कर ली है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान उनकी पीठ की चोट ने उन्हें मैदान से दूर रखा था, लेकिन अब वह फिर से तैयार हैं। यह न केवल मुंबई की गेंदबाजी को मजबूती देगा, बल्कि भारतीय टीम के लिए भी राहत की बात है क्योंकि आईपीएल के बाद इंग्लैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण टेस्ट सीरीज होनी है। बुमराह जैसे खिलाड़ी को फिट और फ्रेश बनाए रखना बेहद जरूरी है, खासकर जब उनकी तरह का बॉलर पूरे मैच का रुख पलट सकता है। ऐसे में उन्हें सावधानी से मैनेज करना जरूरी होगा।

इस हफ्ते का एक बड़ा मुकाबला रहा राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच, जहां राजस्थान ने 50 रन से शानदार जीत दर्ज की। राजस्थान की इस जीत के तीन नायक रहे- यशस्वी जायसवाल, जोफ्रा आर्चर और स्पिन जोड़ी महेश थीक्षणा और वानिंदु हसरंगा। यशस्वी और रियान पराग की पारियों ने पहले बल्ले से आग लगाई और फिर जोफ्रा आर्चर ने मात्र छह गेंदों में दो विकेट लेकर पंजाब की कमर तोड़ दी। बाद में थीक्षणा और हसरंगा ने मिडिल ओवरों में पूरी तरह से पंजाब की रनगति पर ब्रेक लगाया। यह वही आर्चर हैं जिन्होंने चेन्नई के खिलाफ अपने रिदम का इशारा दिया था और अब वो पूरी लय में दिख रहे हैं।

जहां कुछ खिलाड़ी उम्मीद से बढ़कर प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं कई बड़े नाम अब तक फ्लॉप रहे हैं। मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा, जिनसे हमेशा बड़ी पारियों की उम्मीद होती है, इस सीजन अब तक सिर्फ 13, 8 और 0 के स्कोर ही बना पाए हैं। कोच किरोन पोलार्ड ने भले ही कहा हो कि रोहित पर दबाव नहीं बनाना चाहिए, लेकिन सच्चाई यही है कि मुंबई को अब उनसे बड़ी पारियों की दरकार है। राजस्थान के लिए यशस्वी जायसवाल का प्रदर्शन भी चिंता का विषय बना हुआ था, लेकिन पंजाब के खिलाफ उन्होंने जवाब दिया और शानदार पारी खेली। उन्हें 18 करोड़ में रिटेन किया गया था और अब जाकर उन्होंने अपने बल्ले से वो भरोसा वापस दिलाया है।

> दिल्ली कैपिटल्स के लिए केएल राहुल का फॉर्म एक बड़ी राहत बनकर आया है। फाफ डु प्लेसिस की गैरमौजूदगी में उन्होंने पारी की शुरुआत की और शुरुआती धीमे अंदाज के बाद स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। खास तौर पर नूर अहमद के खिलाफ 20 रन बटोरकर उन्होंने अपने अनुभव का लोहा मनवाया। उनकी यह पारी दिल्ली को मजबूती देती है, साथ ही यह भी साबित करती है कि धीमी शुरुआत के बाद भी बड़े स्कोर बनाए जा सकते हैं।

दिल्ली कैपिटल्स के लिए केएल राहुल का फॉर्म एक बड़ी राहत बनकर आया है। फाफ डु प्लेसिस की गैरमौजूदगी में उन्होंने पारी की शुरुआत की और शुरुआती धीमे अंदाज के बाद स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। खास तौर पर नूर अहमद के खिलाफ 20 रन बटोरकर उन्होंने अपने अनुभव का लोहा मनवाया। उनकी यह पारी दिल्ली को मजबूती देती है, साथ ही यह भी साबित करती है कि धीमी शुरुआत के बाद भी बड़े स्कोर बनाए जा सकते हैं, अगर बल्लेबाज धैर्य रखे और मौके की पहचान करे।

इसी मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स की हालत कुछ अलग ही रही। उनका किला समझे जाने वाला चेपॉक अब खंडहर बनता जा रहा है। इस बार भी विपक्षी टीम ने उन्हें उनके घर में हरा दिया और फैंस के चेहरों से मुस्कान गायब रही। सबसे भावुक पल तब आया जब महेंद्र सिंह धोनी को 11वें ओवर में बैटिंग करने आना पड़ा। भीड़ उन्हें देखने के लिए चीखती रही थी, लेकिन जब वो क्रीज पर आए तो स्टेडियम में सन्नाटा था, शायद इसलिए क्योंकि टीम की हालत बेहद खराब थी। धोनी ने 30 रन बनाए लेकिन टीम 25 रन से हार गई। उनके माता-पिता पहली बार स्टेडियम में उन्हें बल्लेबाजी करते देखने आए थे। यह क्षण भावुक भी था और चिंताजनक भी।

सीएसके की बैटिंग इस सीजन लड़खड़ा रही है। रवींद्र जडेजा और अश्विन जैसे अनुभवी स्पिनर भी पूरे कोटे के ओवर नहीं फेंक पा रहे हैं। टीम ने अब तक सबसे कम छक्के लगाए हैं और उनका मिडिल ऑर्डर प्रदर्शन के मामले में काफी पीछे है। जहां तक स्ट्राइक रेट और पॉवर-हिटिंग की बात है, चेन्नई अब तक पूरे टूर्नामेंट की तुलना में सबसे कम छक्के लगाने वाली टीम रही है। उनकी मिडिल ऑर्डर जो कभी विरोधी टीमों की कमर तोड़ देता था, अब संघर्ष करता दिख रहा है। नंबर 4 से 7 तक के बल्लेबाजों का औसत इस सीजन में तीसरी सबसे खराब टीमों में गिना जा रहा है, और स्ट्राइक रेट के मामले में तो चेन्नई फिलहाल सबसे पीछे है।

ये आंकड़े सिर्फ आंकड़े नहीं, बल्कि एक संकेत हैं कि टीम को अपनी पुरानी पहचान वापस पाने के लिए गंभीर रणनीतिक बदलाव करने होंगे। माही के नाम और अनुभव से लैस यह टीम हमेशा से शांत दिमाग और ठोस योजनाओं की मिसाल रही है, लेकिन इस बार चीजें उतनी सहज नहीं दिख रही हैं। चेपॉक जैसी मजबूत घरेलू पकड़ भी दो बार टूट चुकी है, जिससे यह भी साबित होता है कि टीम की पकड़ सिर्फ इतिहास पर नहीं, वर्तमान की परफॉर्मेंस पर टिकी होती है।

आने वाले मुकाबले बेहद अहम होंगे। अगर चेन्नई को प्लेऑफ की दौड़ में बने रहना है, तो ना सिर्फ बल्लेबाजी में मजबूती लानी होगी, बल्कि अपने स्पिनरों को फिर से आक्रामक हथियार की तरह इस्तेमाल करना होगा। टीम को अपनी रणनीति पर फिर से सोचना होगा, क्योंकि अब समय ज्यादा नहीं बचा है। इस हफ्ते के मुकाबलों में कुछ खिलाड़ियों का प्रदर्शन खासा चर्चा में रहा, जिन्होंने अपने प्रदर्शन से मैच की तस्वीर ही बदल दी। पंजाब किंग्स के युवा बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ धमाकेदार अंदाज में 69 रनों की पारी खेली। उन्होंने महज 34 गेंदों में तीन छक्कों और नौ चौकों की मदद से 203 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए टीम मैनेजमेंट के फैसले को सही ठहराया, जिसने उन्हें सीजन से पहले रिटेन करने का जोखिम उठाया था। इसी तरह, मुंबई इंडियंस के लिए डेब्यू करने वाले तेज गेंदबाज अश्वनी कुमार ने पहले ही मुकाबले में चार विकेट झटककर अपनी मौजूदगी का दमदार ऐलान किया। रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल जैसे विस्फोटक बल्लेबाज भी उनकी लेंथ और नियंत्रण के आगे टिक नहीं पाए। उनकी गेंदबाजी में ना केवल गति थी, बल्कि एक रणनीतिक धार भी दिखी जिसने उन्हें खास बना दिया।

आईपीएल 2025 जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, नए चेहरे उभर रहे हैं और पुराने दिग्गजों के लिए खुद को साबित करना आसान नहीं रह गया है। दिल्ली कैपिटल्स इस समय इकलौती टीम है, जिसने स्थिरता के साथ प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन जीत दर्ज की हैं, जबकि बाकी टीमों की कहानी उतार-चढ़ाव से भरी है।

जैसे-जैसे टूर्नामेंट गहराई में जाएगा, रणनीतियां और जटिल होंगी। इस रोमांच से भरे सफर में फैंस के लिए हर शाम एक ताजा किस्सा लेकर आती है, जिसमें कभी युवा सितारे छा जाते हैं, तो कभी अनुभवी नामों को अपनी चमक वापस पाने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है। आईपीएल का यह कारवां अब उस मोड़ पर है, जहां हर निर्णय पूरे सीजन की दिशा तय कर सकता है। एक बात तय है, आने वाले हफ्तों में क्रिकेट का रोमांच और गहराएगा, और हर फैन की धड़कन उसी के साथ तेज होती जाएगी।

## व्यंग्य

# जल्दी आएं, खूब कमाएं!



रामविलास जांगिड़
व्यंग्यकार

सेठ जी की इंटरनेशनल ह्यूमन रिसोर्स कंपनी ग्रुप को कई तरह की ह्यूमन चीजें चाहिए। जल्दी आइए और इनसे करोड़ों कमाइए।

### 1. मॉडल ब्रांड एंकरी

हमारे टीवी न्यूज चैनल 'कल सबको खा जाऊं' (केएसकेजे) को तुरंत एंकरनियों की सख्त आवश्यकता है। जो समाचार पढ़ने का नाटक करते समय मॉडलिंग का कार्य कर सके। जो सनसनी क्वीन के रूप में प्रसिद्ध हो। जो तेज आवाज में चीख-चीख कर ड्रामा कर सके। जो रोज नए-नए ढंग के फैशनेबल व कम कपड़े पहन सके। सिर्फ वही आवेदन करें जो उपरोक्त योग्यता रखती हों। डिग्री, मीडिया आदि में काम करने का अनुभव व समाचारों में गहरी समझ जैसे दुर्गुण हमारे चैनल के सेठ जी को बिल्कुल पसंद नहीं हैं। ऐसी एंकरी हरगिज आवेदन न करें। न्यूज चैनल द्वारा उसे लाने-ले जाने की व्यवस्था होगी। उसके क्रीम, पाउडर, उबटन आदि का व्यय चैनल के सेठ जी की कंपनी द्वारा वहन किया जाएगा। उपरोक्त गुणों वाली, किसी भी पार्टी के नेता को वशीभूत कर हैंडबैग में धरने वाली कन्या अभी आएं, अभी चैनल हेड बन जाएं।

**नोटः मेल एंकर आवेदन पत्र के हाथ भी न लगाएं।**

### 2. तोता छाप प्रवक्ता

हमारे राष्ट्रीय दल-दल पार्टी (आरडीडीपी) को तोता छाप प्रवक्ता-बकता की सख्त आवश्यकता है। ऐसा जानवर जो कुतर्क करने में माहिर हो। जो आलाकमान द्वारा उछाले गए शब्दों को कंठ में धारण कर तोते जैसा व्यवहार करने में पारंगत हो। जो विपक्षी नेता व विपक्षी पार्टी की हर बात का विरोध करता हो। जो नए रंग-ढंग की गालियां देने में माहिर हो। जो न्यूज चैनलों पर घंटों बैठकर चीखने-चिल्लाने में उस्ताद हो। जो विरोधियों की निंदा व अपनी स्तुति करने में शहंशाह हो। ऐसे जिद्दी तोता-तोती शीघ्र आवेदन करें। ऐसी योग्यता धारी तोतियों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसी तोतियां पार्टी आलाकमान सेठ जी से शीघ्र ही संपर्क कर प्रवक्ता का पद हासिल करें। प्रवक्ता को पार्टी कमीशन, कालाबाजारी, ठेके, रंगदारी, भाई-भतीजावाद, ट्रांसफर, चंदा भक्षण आदि में नियमानुसार लाभांश देने के लिए वचनबद्ध है।

### 3. बंदर ब्रांड लपके

हमारे अमरचंद सुखीदेवी प्रीति कुमारी मेमोरियल हॉस्पिटल (एसीएसडीपीकेएमएच) को लपकों की तुरंत आवश्यकता है। जो विभिन्न दवाइयों की कालाबाजारी करने में माहिर हों। जो नकली दवाइयों के गिरोहों से बेहतरीन संपर्क रखता हो। जो स्वस्थ व्यक्ति को मरीज बनाने में उस्ताद हो। जो मुर्दा लाश को हॉस्पिटल में जमा कराने की उच्च योग्यता रखता हो। जो डॉक्टरों एवं नर्सों की अनुपस्थिति में अपने गैंग के गुर्गों से इलाज करवा सकता हो। जो मरे मुर्दों से भी रुपया खींचने में माहिर हो। जो होटल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि जगहों से स्वस्थ व्यक्तियों को पकड़-पकड़ कर हॉस्पिटल में जमा कराने का गुण रखता हो। ऐसे गुणवान श्रेष्ठ लपकों की तुरंत आवश्यकता है। इन्हें रहने, खाने, ठहरने आदि से लेकर हर प्रकार के डॉक्टरी कार्यों में उचित-अनुचित कमीशन दिया जाएगा। खूबसूरत लपकी हसीना को सर्वाधिक प्राथमिकता दी जाएगी। ऐसी लपकी को स्वयं सेठ जी द्वारा समय-असमय सम्मानित किया जाएगा।

X



**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
आज रामनवमी के पावन अवसर पर श्रीलंका से वापस आते समय आकाश से रामसेतु के दिव्य दर्शन हुए। ईश्वरीय संयोग से मैं जिस समय रामसेतु के दर्शन कर रहा था, उसी समय मुझे अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक के दर्शन का भी सौभाग्य मिला। मेरी प्रार्थना है, हम सभी पर प्रभु श्रीराम की कृपा बनी रहे।



**अमित शाह,** केन्द्रीय गृहमंत्री
@AmitShah
आज भाजपा के स्थापना दिवस पर संगठन के महापुरुषों को पुष्पांजलि अर्पित कर भाजपा का झंडा लगाया और 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को दोहराया। अपनी स्थापना से ही देशहित को सर्वोपरि मानने वाली भाजपा देशभर में जनसेवा का प्रतीक बनी है। विरासत, विज्ञान और विकास को चरितार्थ करते हुए हर देशवासी तक न्याय और समानता सुनिश्चित करना भाजपा का संकल्प है और इस दिशा में संगठन के करोड़ों कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्य करते रहेंगे।



**राजनाथ सिंह,** केन्द्रीय रक्षा मंत्री
@rajnathsingh
श्रीरामनवमी के पावन पर्व पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। भगवान श्रीराम का आदर्श जीवन हमें कर्तव्य, धैर्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। प्रभु श्रीराम आप सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का प्रकाश फैलाएं। जय श्रीराम!



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
शौर्य भूमि राजस्थान पधारने पर आज जयपुर एयरपोर्ट पर भारत के यशस्वी केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री @AmitShah जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्नेहपूर्ण स्वागत-अभिनंदन किया।

## नॉलेज कॉर्नर: आयात शुल्क का उद्देश्य घरेलू उद्योगों को सुरक्षा देना

# टैरिफ को लेकर भारत और अमेरिका पर असर

हाल ही में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आयातित उत्पादों पर 26% का नया टैरिफ लगाया है, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों में तनाव बढ़ा है। टैरिफ यानी आयात शुल्क, किसी भी देश की व्यापार नीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। इसका उद्देश्य घरेलू उद्योगों की रक्षा करना, विदेशी माल की प्रतिस्पर्धा को नियंत्रित करना और सरकार को राजस्व प्रदान करना होता है। भारत ने टैरिफ का इस्तेमाल अपने घरेलू उद्योगों, खासकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को सुरक्षा देने के लिए किया है। टेक्सटाइल, कृषि उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक्स और स्टील जैसे क्षेत्रों में टैरिफ भारत के उत्पादन को बढ़ावा देने में सहायक रहे हैं।

### संभावित समझौते के पहलू

सूत्रों के अनुसार, भारत अमेरिकी आयातित वस्तुओं पर लागू टैरिफ को कम करने या समाप्त करने पर विचार कर रहा है, जो वर्तमान में 5% से 30% के बीच हैं। यह कदम अमेरिकी निर्यातकों के लिए भारतीय बाजार को अधिक सुलभ बना सकता है।

### उपभोक्ता पर असर

टैरिफ बढ़ने से आयातित वस्तुएं महंगी हो जाती हैं, जिससे उपभोक्ताओं को अधिक कीमत चुकानी पड़ती है। उदाहरण के लिए, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक




गैजेट्स और विदेशी ब्रांडेड वस्तुओं पर लगने वाले टैरिफ से भारतीय बाजार में कीमतें बढ़ जाती हैं।

### द्विपक्षीय व्यापार पर असर

भारत की टैरिफ नीतियां कई बार अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे व्यापारिक साझेदारों के साथ टकराव का कारण भी बनी हैं। अमेरिका ने भारत पर 'अत्यधिक टैरिफ' लगाने का आरोप भी लगाया है, खासकर हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिल्स, मेडिकल डिवाइसेस और कृषि उत्पादों को लेकर।

### वैश्विक व्यापार और WTO पर असर

वैश्विक असंतुलन : जब बड़े देश जैसे भारत और अमेरिका टैरिफ नीति अपनाते हैं, तो इससे वैश्विक सप्लाई चेन पर असर पड़ता है। छोटे और विकासशील देशों के लिए यह चुनौतीपूर्ण हो जाता है क्योंकि वे प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाते हैं।

### चिंताएं और चुनौतियां

विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिकी टैरिफ से भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, विशेषकर उन उद्योगों पर जो अमेरिकी बाजार पर निर्भर हैं। इसके अलावा, भारत को अन्य व्यापारिक साझेदारों के साथ भी अपने संबंधों को संतुलित करना होगा, ताकि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में अपनी स्थिति मजबूत रख सके।

### WTO की भूमिका

*विश्व व्यापार संगठन (WTO) टैरिफ विवादों को सुलझाने का मंच है, लेकिन भारत और अमेरिका दोनों ने कई बार WTO के नियमों की सीमाओं को चुनौती दी है। अमेरिका ने WTO के विवाद निवारण तंत्र की आलोचना भी की है।*

कंटेंट: रघुवीर जांगिड़

## जरूरी खबर

### भारत ने म्यांमार को और अधिक राहत सामग्री भेजी



**नई दिल्ली।** भारत ने म्यांमार में आए भूकंप से प्रभावित लोगों की मदद के लिए 31 टन और राहत सामग्री भेजी है। इसमें भारतीय सेना के 'फील्ड अस्पताल' के लिए जरूरी सामान भी शामिल है। यह सहायता 'सी-17 ग्लोबमास्टर' से भेजी गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विमान ने रविवार सुबह गाजियाबाद के हिंडन वायुसेना स्टेशन से उड़ान भरी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कुछ तस्वीरें भी साझा कीं। पिछले सप्ताह म्यांमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप आने से 3,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

### पल्ली J&K हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस होंगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के न्यायाधीश अरुण पल्ली को जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की अनुशंसा की है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने चार अप्रैल को बैठक की थी। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किए गए एक बयान में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने न्यायाधीश अरुण पल्ली को जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख हाई कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने की अनुशंसा की है।

### जले नोट बरामदगी मामले में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग

**जयपुर।** राजस्थान हाई कोर्ट जयपुर के अधिवक्ता पूनम चंद भंडारी ने नई दिल्ली के तुगलक रोड थानाधिकारी को रिमांइडर भेजकर दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश रहे यशवंत वर्मा के आवास से कथित रूप से जले नोट बरामद होने के मामले में रिपोर्ट दर्ज किए जाने का आग्रह किया है। ज्ञात रहे कि जस्टिस वर्मा का अब इलाहाबाद हाई कोर्ट में तबादला हो गया है। भंडारी ने कहा कि हालांकि न्यायाधीश वर्मा ने स्पष्ट मना कर दिया था कि वे नोट उनके व उनके परिवार के किसी सदस्य के नहीं थे और उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए किसी ने यह कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि जले नोट किसने रखे और कहां से आए इस बात की जांच के लिए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की जानी चाहिए थी। भंडारी ने कहा कि उन्होंने तुगलक रोड थाना को इस मामले में रिपोर्ट भेजी थी, लेकिन अभी तक दर्ज नहीं की गई है।

---

**पूर्व कानून मंत्री का आह्वान- न्यायपालिका को प्रभावित करने वाले मुद्दों के समाधान के लिए आंतरिक तंत्र बने**

# अब कॉलेजियम प्रणाली को बदलने का समय: अश्विनी कुमार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री अश्विनी कुमार ने रविवार को कहा कि न्यायिक नियुक्तियों की वर्तमान कॉलेजियम प्रणाली को बदलने का समय आ गया है और न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए वैकल्पिक तंत्र के पक्ष में जनता की राय मजबूती से आगे बढ़ रही है।

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों पर लगे आरोपों सहित न्यायपालिका को प्रभावित करने वाले मुद्दों के समाधान के लिए एक मजबूत आंतरिक तंत्र स्थापित करने का भी आह्वान किया।



अश्विनी कुमार ने पीटीआई-भाषा के साथ एक विशेष साक्षात्कार में विभिन्न मुद्दों पर बात करते हुए कहा कि राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) के लिए समय 2014-15 में सही था, जब इसे पहली बार प्रस्तावित किया गया था और मतदान के लिए रखा गया था। आज यह निश्चित रूप से सही समय है। और अब, मैं आश्वस्त हूं कि न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए वैकल्पिक तंत्र के पक्ष में जनमत की प्रक्रिया मजबूती से आगे बढ़ रही है। यह प्रस्तावित एनजेएसी की तर्ज पर हो सकता है, यह कुछ बेहतर भी हो सकता है। ज्ञात रहे कि संप्रग शासन के दौरान कानून मंत्री के रूप में कुमार के कार्यकाल के दौरान एनजेएसी विधेयक का मसौदा तैयार किया गया था, लेकिन बाद में राजग के सत्ता में आने के बाद इसे संशोधित रूप में पारित किया गया, लेकिन अक्टूबर 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने इसे रद्द कर दिया।

### राजनीतिक मुद्दों को भेजा जा रहा है सुप्रीम कोर्ट

वक्फ संशोधन अधिनियम सहित संसद द्वारा पारित विवादास्पद कानूनों को अदालतों में लगातार चुनौती दिए जाने के बारे में कुमार ने कहा कि यह उन प्रमुख मुद्दों में से एक है, जिसका राष्ट्र और इसकी राजनीतिक तथा न्यायिक प्रक्रियाओं को निकट भविष्य में समाधान करना होगा। राजनीतिक महत्व और राजनीतिक प्रभाव वाले लगभग हर बड़े सवाल को किसी न किसी तरह सुप्रीम कोर्ट के पास भेज दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जो प्रश्न मूलतः राजनीतिक हैं, उनका निर्णय अंततः जनता की अदालत में किया जाना है।

**एनजेएसी को रद्द करने पर जताई आपत्ति:** यह पूछे जाने पर कि उन्हें क्यों ऐसा लगता है कि एनजेएसी को लाने का समय आ गया है, कुमार ने कहा कि उन्हें उस निर्णय की वैधता पर गंभीर आपत्ति है जिसके तहत एनजेएसी को असंवैधानिक करार देकर रद्द कर दिया गया, जबकि इसमें संसद की सर्वोच्च इच्छा और बहुमत था।

### SC आंतरिक प्रक्रिया को संतुलित बनाए

कुमार ने दिल्ली उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के आवास से नकदी बरामद होने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और कहा कि उच्चतम न्यायालय को अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं को अधिक न्यायसंगत और संतुलित बनाना चाहिए ताकि न्यायाधीशों को तुच्छ आरोपों से बचाया जा सके और एक प्रभावी निवारण तंत्र प्रदान किया जा सके।

---

**भाजपा ने मनाया अपना 46वां स्थापना दिवस**

# भाजपा को मिले जनादेशों में सुशासन के एजेंडे की झलक: मोदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को अपना 46वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभिन्न प्रदेशों की राजधानियों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के स्थापना दिवस पर कहा है कि लोग पार्टी के सुशासन के एजेंडे को देख रहे हैं और इसकी झलक पिछले वर्षों में उसे मिले ऐतिहासिक जनादेश में दिखाई दी है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई। हम उन सभी को याद करते रहे हैं जिन्होंने पिछले कई दशकों में हमारी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए खुद को समर्पित किया। यह महत्वपूर्ण दिन हमें भारत की प्रगति के लिए काम करने और विकसित भारत के सपने को साकार करने की हमारी अद्वितीय प्रतिबद्धता को दोहराने के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने कहा कि भारत की जनता हमारी पार्टी के सुशासन एजेंडे को देख रही है, जो पिछले वर्षों में चुनावों में हमें मिले ऐतिहासिक जनादेश में प्रतिबिंबित भी होता है, फिर चाहे लोकसभा चुनाव हों, विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनाव हों या देश भर में विभिन्न स्थानीय निकाय चुनाव हों। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता और गृह मंत्री अमित शाह ने भी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। शाह ने लिखा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में कमल का चिह्न देशवासियों के बीच विश्वास और उम्मीद का प्रतीक बन गया है। उन्होंने पार्टी के कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा ने पिछले दस वर्षों में सेवा, सुरक्षा और सांस्कृतिक जागरूकता के क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है।



### सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करेंगी भाजपा सरकारें

पीएम मोदी ने कहा कि हमारी सरकारें समाज सेवा करती रहेंगी और सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करेंगी। हमारी पार्टी की रीढ़, हमारे सभी परिश्रमी कार्यकर्ताओं को मेरी ओर से शुभकामनाएं। वे जमीनी स्तर पर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं और हमारे सुशासन के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। मोदी ने कहा कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि किस तरह भाजपा कार्यकर्ता देश के हर हिस्से में 24 घंटे काम कर रहे हैं और गरीबों, दलितों व वंचित तबके के लोगों की सेवा कर रहे हैं।

---

**स्थापना दिवस पर भाजपा मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित**

## वक्फ बोर्ड पर नियंत्रण नहीं चाहती सरकार, नियमानुसार हो कामकाज: जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड को नियंत्रित नहीं करना चाहती, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहती है कि वे कानून के दायरे में काम करें, ताकि उसकी संपत्ति का इस्तेमाल मुस्लिम समुदाय में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार को बढ़ावा देने में किया जा सके।

पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि तुर्किये और कई अन्य मुस्लिम देशों की सरकारों ने वक्फ संपत्तियों को अपने नियंत्रण में ले लिया है। हम वक्फ बोर्ड का संचालन कर रहे लोगों से बस यह कह रहे हैं कि आप नियमों के अनुसार काम करें। आपको यह काम नियमानुसार करना होगा हमारा लक्ष्य केवल यह सुनिश्चित करना है कि इसका प्रबंधन करने वाले लोग कानून के दायरे में काम करें और स्थापित नियमों का पालन करें। नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करने से पहले भाजपा प्रमुख ने मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराया।



*भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में स्वागत करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता।*

### BJP सदस्यों की संख्या 13.5 करोड़ के पार

वर्ष 1951 में भारतीय जनसंघ से शुरू हुई भाजपा की राजनीतिक यात्रा को याद करते हुए नड्डा ने कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है और आज कई राज्यों में सत्ता में है। भाजपा कभी भी अपनी मूल विचारधारा से हटी नहीं है, जबकि कांग्रेस वर्षों से अपनी वैचारिक कमजोरी के कारण पतन का सामना कर रही है। नड्डा ने कहा, आज, लोकसभा में भाजपा के 240, राज्यसभा में 98 से अधिक सदस्य और देश भर में 1,600 से अधिक विधायक हैं। हमने अभी-अभी अपना सदस्यता अभियान समाप्त किया है और भाजपा सदस्यों की संख्या 13.5 करोड़ को पार कर गई है। देश भर में हमारे 10 लाख से अधिक सक्रिय पार्टी कार्यकर्ता हैं।

### तुष्टीकरण की राजनीति में फंसी कांग्रेस

नड्डा ने कहा कि शाहबानो मामले में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस मुस्लिम समुदाय के कुछ वर्गों के दबाव के आगे झुककर तुष्टीकरण की राजनीति में फंस गई थी।

### विरोधी कटाक्ष करते हैं, पर ताकत भी पहचानते हैं

नड्डा ने भाजपा की सफलता का श्रेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी जैसे पार्टी दिग्गजों को दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा एकमात्र राजनीतिक पार्टी है जिसने वैज्ञानिक वृद्धि देखी है। उन्होंने कहा कि संगठन का विस्तार करना और चुनाव जीतना एक कला एवं विज्ञान है। हालांकि हमारे विरोधी संसद में हम पर कटाक्ष करते हैं, लेकिन वे यह भी कहते हैं कि हम दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी हैं। यहां तक कि हमारे विरोधी भी हमारी ताकत को पहचानते हैं। नड्डा ने कहा कि भाजपा ने हमेशा राष्ट्र को सर्वोपरि रखा है और भारत की परंपराओं, संस्कृति एवं इतिहास को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए हैं।

---

**यूरोपीय देशों के साथ बढ़ रही है भागीदारी**

## राष्ट्रपति मुर्मू पुर्तगाल और स्लोवाकिया के दौरे पर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को पुर्तगाल और स्लोवाकिया की राजकीय यात्रा पर रवाना हुईं। करीब तीन दशकों में भारत के राष्ट्रपति की दोनों देशों की यह पहली यात्रा है। राष्ट्रपति 7-8 अप्रैल को पुर्तगाल और 9 और 10 अप्रैल को स्लोवाक गणराज्य की यात्रा करेंगी। मुर्मू का दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण आर्थिक परिवर्तन हो रहे हैं, जिसमें हाल ही में अमेरिका द्वारा लगाए गए व्यापार शुल्कों ने अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य को नया स्वरूप दिया है तथा यूरोप के साथ भारत की भागीदारी बढ़ रही है।

मुर्मू की पुर्तगाल की दो दिवसीय महत्वपूर्ण यात्रा, दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है। राष्ट्रपति की पुर्तगाल की यात्रा 27 वर्ष बाद हो रही है। राष्ट्रपति मुर्मू पुर्तगाल की यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा, प्रधानमंत्री लुइस मोंटेनेग्रो सहित अन्य नेताओं से मुलाकात करेंगी। लिस्बन के मेयर कार्लोस मैनुअल फेलिक्स मोएदास राष्ट्रपति मुर्मू के लिए एक विशेष कार्यक्रम की मेजबानी करेंगे। वह राष्ट्रपति सूसा द्वारा आयोजित भोज में भी शामिल होंगी। राष्ट्रपति मुर्मू 9 और 10 अप्रैल को स्लोवाक गणराज्य की अपनी यात्रा करेंगी। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू स्लोवाकिया के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी, प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको और नेशनल काउंसिल के अध्यक्ष रिचर्ड रासी से मुलाकात करेंगी।



---

**किसान महापंचायत में घोषणा**

## किसान नेता डल्लेवाल का अनशन समाप्त



**एजेंसी** | चंडीगढ़

पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने रविवार को अपना आमरण अनशन समाप्त कर दिया। डल्लेवाल ने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी सहित आंदोलनकारी किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर पिछले साल 26 नवंबर को अनशन शुरू किया था। यह घोषणा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू द्वारा उनसे आमरण अनशन समाप्त करने की अपील के एक दिन बाद की गई। डल्लेवाल ने पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले के सरहिंद में आयोजित 'किसान महापंचायत' में घोषणा की कि वह अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त कर रहे हैं।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि फसलों के लिए एमएसपी पर कानूनी गारंटी और अन्य मांगों के लिए उनकी लड़ाई जारी है। डल्लेवाल ने स्ट्रेचर पर बैठकर वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी ने मुझसे आमरण अनशन समाप्त करने को कहा है। मेरे लिए संगत ही रब का रूप है। मेरी इच्छा के अनुरूप आंदोलन को जारी रखने के लिए मैं आप सभी का आभारी हूं। मैं आपकी भावनाओं का सम्मान करता हूं।

---

**J&K के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह**

# सुरक्षा स्थिति व विकास कार्यों का लेंगे जायजा

**एजेंसी** | जम्मू

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर के अपने तीन दिवसीय दौरे के तहत रविवार को शाम जम्मू पहुंचे। पिछले साल अक्टूबर में केंद्र शासित प्रदेश में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली नेशनल कांफ्रेंस सरकार के गठन के बाद यह उनका पहला दौरा है। अधिकारियों ने बताया कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने तकनीकी हवाई अड्डे पर शाह की अगवानी की। उन्होंने बताया कि गृह मंत्री भारत-पाकिस्तान सीमा पर एक अग्रिम चौकी का दौरा करेंगे और अपनी यात्रा के दौरान सुरक्षा स्थिति और विकास पहलों की समीक्षा करेंगे।



*गृह मंत्री अमित शाह का जम्मू पहुंचने पर स्वागत करते जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा।*

अधिकारियों ने बताया कि शाह के दौरे के मद्देनजर पुलिस और सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। शाह सोमवार को कठुआ में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की सीमा चौकी विनय का दौरा करेंगे और वहां जमीनी हालात का जायजा लेंगे। बाद में, वह जम्मू में राजभवन में जम्मू-कश्मीर पुलिस के शहीदों के परिवार के सदस्यों से मिलेंगे और अनुकंपा के आधार पर चयनित कुछ लोगों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान करेंगे।

केंद्रीय गृहमंत्री आठ अप्रैल को सबसे पहले श्रीनगर स्थित राजभवन में आयोजित बैठक में केंद्र शासित प्रदेश में विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लेंगे। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद वह श्रीनगर स्थित राजभवन में एक अन्य बैठक में भाग लेंगे जहां जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

### हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के एक वनक्षेत्र से सुरक्षाबलों ने रविवार को हथियार और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया। एक अधिकारी ने बताया कि एक संयुक्त तलाशी अभियान में पुलिस और सेना ने कुपवाड़ा के कंडी वनक्षेत्र में हथियारों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया। अधिकारियों के अनुसार सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान के दौरान एक मशीन गन, सात हथगोले, 90 कारतूस, चीन निर्मित एक दूरबीन, सौर ऊर्जा चालित दो मोबाइल चार्जर, कपड़े और एक विदेशी स्लीपिंग बैग बरामद किया।

---

**मां नीता अंबानी ने जताई खुशी**

## पदयात्रा पूरी, द्वारकाधीश मंदिर पहुंचे अनंत

**एजेंसी** | द्वारका

रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी ने रविवार को गुजरात के जामनगर से द्वारका तक 170 किमी लंबी पदयात्रा पूरी की। अनंत की इस उपलब्धि पर उनकी मां और रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक व अध्यक्ष नीता अंबानी ने खुशी जाहिर की।

रामनवमी के शुभ अवसर पर अनंत अपने परिवार के साथ द्वारकाधीश मंदिर पहुंचे। 10 अप्रैल को अनंत का 30वां जन्मदिन भी है।

पदयात्रा में आखिरी दिन पत्नी राधिका मर्चेंट और मां नीता अंबानी भी शामिल हुईं। अनंत ने पदयात्रा के दौरान साथ देने वाले लोगों का आभार जताया।



*अनंत अंबानी द्वारकाधीश मंदिर पहुंचने पर अन्य लोगों के साथ।*

### पदयात्रा पूरी करने पर बेटे पर गर्व

नीता अंबानी ने कहा कि जामनगर से द्वारका तक पदयात्रा पूरी करने पर अपने बेटे पर गर्व है। उन्होंने कहा कि एक मां के तौर पर मेरे सबसे छोटे बेटे अनंत को द्वारकाधीश के इस दिव्य स्थान की पदयात्रा पूरी करते देखना बहुत गर्व की बात है। पिछले 10 दिनों से अनंत की पदयात्रा में शामिल सभी युवा हमारी संस्कृति का प्रचार-प्रसार करने में जुटे हैं। मैं भगवान द्वारकाधीश से प्रार्थना करती हूं कि वे अनंत को शक्ति प्रदान करें।

**आईपीएल: सनराइजर्स हैदराबाद की लगातार चौथी हार**

# सिराज, गिल और सुंदर ने लिखी गुजरात टाइटन्स की जीत की पटकथा

**एजेंसी** | हैदराबाद

गुजरात टाइटन्स ने तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (17 रन देकर चार विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 61 रन) के अर्धशतक और वाशिंगटन सुंदर (49 रन) के साथ उनकी तीसरे विकेट के लिए 56 गेंद में 90 रन की साझेदारी से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। सिराज के अलावा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और बाएं हाथ के स्पिनर साई किशोर के दो-दो विकेट झटकने से सनराइजर्स हैदराबाद 20 ओवर में आठ विकेट पर 152 रन ही बना सकी। गुजरात टाइटन्स ने गिल और शेरफाने रदरफोर्ड (नाबाद 35 रन, 16 गेंद, छह चौके, एक छक्का) के बीच चौथे विकेट के लिए 21 गेंद में 47 रन की अटूट साझेदारी से 16.4 ओवर में तीन विकेट पर 153 रन बनाकर जीत हासिल की। इस तरह सनराइजर्स हैदराबाद को लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा।

गुजरात टाइटन्स की भी शुरूआत अच्छी नहीं रही जिसने तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (05) और अगले ओवर में जोस बटलर (शून्य) के विकेट गंवा दिए।

कप्तान गिल और आल राउंडर वाशिंगटन सुंदर ने मिलकर टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। सुंदर अपने अर्धशतक से एक रन से चूक गए।


शॉट खेलते हुए गुजरात टाइटन्स के बल्लेबाज शुभमन गिल।

गिल ने 43 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके लगाए। सुंदर ने 29 गेंद में पांच चौके और दो छक्के से 49 रन बनाए। यह सुदंर का आईपीएल में सबसे बड़ा स्कोर भी रहा। गिल ने 13वें ओवर में जीशान अंसारी पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। सुंदर अर्धशतक से महज एक रन पहले मोहम्मद शमी की गेंद पर कैच आउट हो गए।

शेरफाने रदरफोर्ड ने क्रीज पर उतरते ही अभिषेक शर्मा पर चार चौके से इस ओवर में 18 रन जुटाए। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने अभिषेक को गेंदबाजी के लिए उतारा था, जिन्होंने अपने एक ओवर में 18 रन लुटा दिए। फिर टीम को जीत के लिए 30 गेंद में महज 23 रन की चाहिए थे जिसे उसने आसानी से बना लिया।

राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में जोश में भरे सिराज ने फिर अभिषेक को पवेलियन भेजा। अभिषेक सही टाइमिंग नहीं कर पाए और मिड ऑन पर कैच आउट हो गए। इस तरह टीम के सलामी बल्लेबाजों का संघर्ष जारी रहा और पावरप्ले के अंत में टीम का स्कोर दो विकेट पर 45 रन था।

### हैदराबाद की रही खराब शुरुआत

इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद खराब शुरूआत की। सिराज ने सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा को सस्ते में आउट करने के बाद धीमे विकेट पर दो और विकेट अपने नाम किए। अंतिम ओवर से पहले सनराइजर्स हैदराबाद का स्कोर आठ विकेट पर 135 रन था। लेकिन ईशांत शर्मा ने अपने चार ओवर में 53 रन लुटाए जिससे हैदराबाद की टीम 150 रन का आंकड़ा पार करने में सफल रही। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए नीतिश कुमार रेड्डी 31 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। उसके लिए हेनरिच क्लासेन ने 27 और कप्तान पैट कमिंस ने नाबाद 22 रन का योगदान दिया। हेड (08) ने सिराज की गेंद बाउंड्री पर पहुंचाकर अच्छी शुरूआत की लेकिन ऑस्ट्रेलिया के इस खतरनाक खिलाड़ी को इसी गेंदबाज ने आउट कर दिया। मिड विकेट पर साई सुदर्शन ने शानदार डाइविंग कैच लपका।

### बांग्लादेश: हिंदुओं ने मनाया महाअष्टमी का त्योहार

**ढाका।** बांग्लादेश की सेना ने हजारों हिंदुओं द्वारा महाअष्टमी, बसंती पूजा मनाए जाने और पवित्र स्नान करने के मद्देनजर देश भर में सुरक्षा चौकसी बढ़ा दी है। बांग्लादेशी सेना ने रविवार को एक बयान में कहा कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में हजारों की संख्या में सनातन शांति के साथ त्योहार मना रहे हैं। सैनिक पूजा पंडालों, घाटों और धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से अपने कर्तव्यों का पालन कर रहे हैं, जिनमें ढाका का बाहरी इलाका लंगोलबांध भी शामिल है। यहां बांग्लादेश और विदेश से आए हजारों लोगों ने पवित्र स्नान किया।

### अंतरात्मा की पुकार कार्यक्रम में गूंजा भारत का संदेश



**बेधड़क,** लंदन। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरात्मा दिवस (Day of Conscience) के अवसर पर ब्रिटेन की संसद हाउस ऑफ लॉर्ड्स में एक ऐतिहासिक और प्रभावशाली कार्यक्रम अंतरआत्मा की पुकार का आयोजन किया गया। इसका आयोजन यूनाइटेड ग्लोबल पीस फाउंडेशन (United Global Peace Foundation) की ओर से किया गया, जिसकी अध्यक्षता फाउंडेशन के अध्यक्ष मेघराज सिंह शेखावत 'रॉयल'ने की। कार्यक्रम में विभिन्न देशों के नीति-निर्माता, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा प्रतिनिधि और वैश्विक लीडर्स उपस्थित रहे। वैश्विक नेतृत्व, सेवा और संवेदना को समर्पित सम्मेलन में भारत का संदेश गूंजा।

**उत्तर-दक्षिण श्रीलंका में रेल संपर्क होगा मजबूत**

# पीएम मोदी ने श्रीलंका को दी रेलवे परियोजनाओं की सौगात

**एजेंसी** | कोलंबो

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को श्रीलंका के ऐतिहासिक शहर अनुराधापुरा में जय श्री महाबोधि मंदिर के दर्शन किए और भारत से सहायता प्राप्त दो रेलवे परियोजनाओं की शुरुआत की। बाद में भारत रवाना होने से पहले मोदी ने कहा कि उनकी श्रीलंका यात्रा ने दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सभ्यतागत संबंधों की पुष्टि की है

अनुराधापुरा की यात्रा के दौरान पीएम मोदी के साथ श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके भी थे। अनुराधापुरा कोलंबो से लगभग 200 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक आध्यात्मिक शहर है। यहां मंदिर के दर्शन बाद, दोनों नेताओं ने 9.12 करोड़ डॉलर की भारतीय सहायता से नवीनीकृत 128 किलोमीटर लंबी माहो-ओमानथाई रेलवे लाइन का उद्घाटन किया, जिसके बाद माहो से अनुराधापुरा तक उन्नत सिग्नलिंग प्रणाली के निर्माण की शुरुआत की गई। इस सिग्नलिंग प्रणाली का निर्माण 1.48 करोड़ डॉलर की भारतीय अनुदान सहायता से किया गया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत-श्रीलंका विकास साझेदारी के तहत कार्यान्वित ये ऐतिहासिक रेलवे आधुनिकीकरण परियोजनाएं श्रीलंका में उत्तर-दक्षिण रेल संपर्क को मजबूत बनाने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इनसे देश भर में यात्री और माल यातायात दोनों का तीव्र व कुशल आवागमन सुगम हो सकेगा।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मेरी यात्रा के दौरान दिखाई गई गर्मजोशी के लिए मैं राष्ट्रपति दिसानायके, श्रीलंका के लोगों और सरकार का बहुत आभारी हूं।


श्रीलंका के अनुराधापुर में रेलवे परियोजना का उद्घाटन करते पीएम मोदी।

### तमिलनाडु में रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन किए



**रामेश्वरम (तमिलनाडु)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को रामनवमी के अवसर पर यहां प्रसिद्ध रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। पारंपरिक 'वेष्टि' (धोती), शर्ट और 'अंगवस्त्रम' (गले में पहना जाने वाला वस्त्र) पहने प्रधानमंत्री रविवार को मंदिर पहुंचे। उन्होंने पिछले साल उत्तर प्रदेश के अयोध्या में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले भी इस मंदिर में पूजा-अर्चना की थी।

### जय श्री महाबोधि मंदिर में प्रमुख भिक्षु से आशीर्वाद लिया

मोदी ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति दिसानायके के साथ अनुराधापुरा में जय श्री महाबोधि में प्रार्थना की। बौद्ध धर्म के सबसे प्रतिष्ठित स्थलों में शामिल इस मंदिर के दर्शन करना भावविभोर कर देने वाला क्षण है। यह शांति, ज्ञान और आध्यात्मिक निरंतरता का जीवंत प्रतीक है। भगवान बुद्ध की शिक्षाएं हमेशा हमारा मार्गदर्शन करती रहें। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मोदी ने मंदिर में प्रतिष्ठित महाबोधि वृक्ष की पूजा की।



## शक्तिशाली चक्रवात को भी झेल सकता है पंबन का नया पुल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तमिलनाडु के रामेश्वरम में जिस नए पंबन पुल का उद्घाटन किया गया वह 1964 के तूफान से भी अधिक शक्तिशाली चक्रवातों को झेल सकता है। पुराने पुल को चक्रवात ने काफी नुकसान पहुंचाया था। रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के निदेशक (संचालन) एम पी सिंह ने कहा कि इस पुल को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह 230 किमी प्रति घंटे की हवा की रफ्तार के साथ-साथ भूकंप के तेज झटकों को झेल सकने में सक्षम होगा।



### ऐसे होगी लहरों से सुरक्षा

सिंह ने कहा कि कंक्रीट के खंभों पर रखे गर्डर समुद्र के जल स्तर से 4.8 मीटर ऊंचे हैं, इसलिए ऊंची लहर उठने की स्थिति में भी, पानी के गर्डर तक पहुंचने की आशंका लगभग नगण्य है। पुराने पुल का गर्डर समुद्र के जल स्तर से 2.1 मीटर ऊंचा था। इसलिए ऊंची लहरें उठने के दौरान पानी न केवल गर्डर पर बल्कि कभी-कभी ट्रैक पर भी चला जाता था।

### क्या है पुल की खासियत

- भारत का पहला वर्टिकल सी-लिफ्ट ब्रिज
- लंबाई 2.08 किलोमीटर
- पुल में हैं 99 स्पैन
- 72.5 मीटर लंबा वर्टिकल लिफ्ट स्पैन। 17 मीटर तक उठ सकता है ऊंचा
- 550 करोड़ रुपए की लागत आई पुल के निर्माण में

**वाम दल को मिला नया नेतृत्व**

## एम ए बेबी माकपा के महासचिव चुने गए

**एजेंसी** | मदुरै

केरल के पूर्व मंत्री एम. ए. बेबी को रविवार को माकपा के 24वें अधिवेशन में पार्टी का महासचिव चुना गया। बेबी पार्टी की केरल इकाई से शीर्ष पद पर चुने जाने वाले दूसरे नेता हैं। इससे पहले माकपा के दिग्गज नेता ई एम एस नंबूदरीपाद इस पद पर रह चुके हैं। प्रकाश करात, जिन्होंने 2005 से 2015 के बीच महासचिव के रूप में काम किया, केरल से हैं, लेकिन वह पार्टी की दिल्ली इकाई से जुड़े थे। बेबी माकपा के ऐसे पहले महासचिव भी हैं, जो अल्पसंख्यक समुदाय से आते हैं। पार्टी नेताओं के एक वर्ग ने इस पद के लिए 'ऑल इंडिया किसान सभा' (एआईकेएस) के अध्यक्ष अशोक धावले का समर्थन किया था।

सूत्रों ने बताया कि सूर्यकांत मिश्रा, नीलोत्पल बसु, मोहम्मद सलीम और रामचंद्र डोम उन लोगों में शामिल थे, जिन्होंने धावले का समर्थन किया। रविवार को चुनी गई 84 सदस्यीय केंद्रीय समिति में 30 नए चेहरे शामिल हैं। केंद्रीय समिति ने 18 सदस्यीय पोलित ब्यूरो का चुनाव किया, जिसमें आठ नए सदस्य शामिल हैं।



### 2012 से हैं पोलित ब्यूरो के सदस्य

बेबी 2012 से माकपा की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था पोलित ब्यूरो के सदस्य हैं। पिछले साल सीताराम येचुरी के निधन के बाद पार्टी महासचिव का पद रिक्त हो गया था, जिसके बाद प्रकाश करात ने अंतरिम समन्वयक का पद संभाला। माकपा का 24वां अधिवेशन दो अप्रैल को शुरू हुआ था और रविवार को समाप्त हुआ।

### पार्टी ने तैयार की भविष्य की रूपरेखा

महासचिव सीताराम येचुरी के निधन के बाद अंतरिम समन्वयक की भूमिका निभाने वाले करात ने कहा कि पार्टी अधिवेशन ने भविष्य के लिए एक राजनीतिक रूपरेखा तैयार की है, पार्टी को आगे ले जाने के लिए आवश्यक संगठनात्मक कदम उठाए गए हैं।

## गाजा में इजराइली हमले में 24 लोग मारे गए

**एजेंसी** | गाजा

गाजा पट्टी पर इजराइली हमलों में एक दर्जन से अधिक महिलाओं और बच्चों समेत 24 लोग मारे गए। इस बीच,इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू युद्ध के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भेंटवार्ता करने के लिए अमेरिका गए हैं। इजराइल ने पिछले महीने हमास के साथ युद्ध विराम समाप्त कर दिया था तथा हवाई और जमीनी हमले पुनः शुरू कर दिए थे। उसने ताबड़तोड़ हमला करते हुए क्षेत्रों पर कब्जा किया था ताकि उग्रवादी संगठन पर नए युद्ध विराम समझौते को स्वीकार करने तथा शेष बंधकों की रिहाई के लिए दबाव बनाया जा सके। रविवार रात को किए गए नवीनतम इजराइली हमलों में दक्षिणी शहर खान यूनिस में एक तम्बू और एक घर को निशाना बनाया गया, जिसमें पांच पुरुष, पांच महिलाएं और पांच बच्चे मारे गए। नासेर अस्पताल ने यह जानकारी दी जहां ये शव लाए गए थे।



**देशभर में रामनवमी पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन**

# अयोध्या हुई दीपों से जगमग... प. बंगाल में रही शोभायात्राओं की धूम

**एजेंसी** | अयोध्या/कोलकत्ता

देशभर में रविवार को रामनवमी की धूम रही। रामनगरिया अयोध्या दोपहर में सूर्य तिलक के बाद शाम को दीपों से जगमगा उठी। सरयू नदी किनारे दो लाख दीपों को प्रज्वलित किया गया। अयोध्या में आस्था का सैलाब उमड़ रहा था। वहीं देश के अन्य भागों में शोभा यात्राओं की धूम रही। पश्चिम बंगाल में भाजपा और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के बीच सियासी खींचतान के बीच राज्य भर में कई शोभा यात्राएं निकाली गईं और कार्यक्रम आयोजित किए गए। अशांति की आशंका के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई। भाजपा और तृणमूल कांग्रेस दोनों के नेताओं ने इस उत्सव में हिस्सा लिया। पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की हालिया घटनाएं और 2026 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जिससे इस बार यह उत्सव राजनीतिक रूप से अहम हो गया है। भाजपा की बंगाल इकाई ने दावा किया था कि इस वर्ष 1.5 करोड़ से अधिक हिंदू इस समारोह में शामिल होंगे और पूरे राज्य में 2,000 से अधिक शोभा यात्राएं आयोजित करने की योजना है।

रामनवमी के अवसर पर रविवार सुबह से ही उत्सव शुरू हो गया, जिसमें 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए जुलूस और धार्मिक आयोजन शामिल थे। भगवा झंडे, भक्ति संगीत और रामायण के दृश्यों को दर्शाती झांकियों के साथ सड़कों पर उमड़ पड़े।


पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में रामनवमी पर शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

### नंदीग्राम में रखी गई राम मंदिर की आधारशिला

दूसरी ओर, अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम के सोनाचुरा गांव में राम मंदिर की आधारशिला रखी। भगवा वस्त्र पहने अधिकारी ने सोनाचुरा में मंदिर स्थल तक जुलूस का नेतृत्व किया, जहां उन्होंने 'जय श्री राम' के नारे के बीच आधारशिला रखी। इस मंदिर का स्थान ऐतिहासिक महत्व का है, क्योंकि यह 2007 के भूमि अधिग्रहण विरोधी प्रदर्शन स्थल के निकट है। इस प्रदर्शन के दौरान उपद्रवियों की गई गोलीबारी में कई लोग मारे गए थे।

### तृणमूल विधायक मुल्ला शोभायात्रा में हुए शामिल

इस बीच, तृणमूल कांग्रेस विधायक शौकत मुल्ला भांगड़ में रामनवमी पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल हुए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) समर्थकों ने यादवपुर विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी भवन में राम पूजा का आयोजन किया जबकि विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसके लिए अनुमति नहीं दी थी। उत्तर हावड़ा में, तृणमूल पार्षद गौतम चौधरी सालकिया में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) द्वारा आयोजित एक शोभा यात्रा में शामिल हुए। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि भाजपा इन समारोहों के जरिए हिंदू वोटों को एकजुट करने की कोशिश कर रही है, इसका अब राजनीतिकरण हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि वे अशांति पैदा करने की कोशिश कर रहे है।

### श्री सीमेंट लिमिटेड बांगड़ नगर ब्यावर के श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर का रजत जयंती समारोह

# अखंड रामायण की पूर्णाहुति पर राममय हुआ ब्यावर, आज से गूंजेगी हनुमान कथा


हनुमान जी की फूलों से बनी प्रतिमा।

रमेश शर्मा/मुकेश शर्मा | बेधड़क

**ब्यावर।** रामनवमी के पावन अवसर पर रविवार को श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर की रजत जयंती और श्री सीमेंट लिमिटेड, बांगड़ नगर परिसर में आयोजित आध्यात्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भक्तों को आस्था के रंग में रंग दिया। मंदिर में हुए अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति, विविध आरतियों और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्री सीमेंट के चेयरमैन हरि मोहन बांगड़ के संरक्षण में आयोजित समारोह में अध्यक्ष संजय मेहता, मुख्य मानव संसाधन अधिकारी विनोद चतुर्वेदी और मुख्य जनसंपर्क अधिकारी संजय मेहता ने अपने परिवार सहित विधिवत पूजा-अर्चना कर रामलला का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष प्रशांत बांगड़, प्रबंध निदेशक नीरज आखौरी, संयुक्त अध्यक्ष अरविंद खीचा सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी सहभागी बने। श्रद्धालुजनों ने मंदिर परिसर को प्रभु श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों से गुंजा दिया।


रामलला को पालने में झुलाते संजय मेहता व उनकी पत्नी।


रामजी की आरती करते सीपीआरओ संजय मेहता व उनकी पत्नी।


रामजी की आरती करते सीएचआरओ विनोद चतुर्वेदी व उनकी पत्नी।

Shree Cement

### कथास्थल तक बसों की व्यवस्था

श्री सीमेंट ने श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु ब्यावर के 8 स्थानों से कथास्थल तक निशुल्क परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराई है।

### आज प्रभातफेरी से शुरुआत, मंदिर गर्भगृह में होगी देव स्थापना

सोमवार की शुरुआत प्रभात फेरी और मंगल आरती से होगी। श्री परिवार की महिलाएं कलश यात्रा निकालेंगी, जिसके बाद मंदिर गर्भगृह में देव स्थापना, आवाहन पूजन और वाल्मीकि रामायण पाठ संपन्न होगा। साथ ही स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज श्री हनुमान कथा की शुरुआत करेंगे। श्रद्धालु रोजाना दोपहर 4 से शाम 7 बजे तक श्री रंगमंच के निकट विशेष रूप से निर्मित पांडाल में कथा का आनंद लेंगे। प्रवेश पास के माध्यम से रहेगा। 8 अप्रैल को गर्भगृह में अभिषेक व आरती, 9 अप्रैल को श्री हनुमान रथ यात्रा, हवन, पूजा और देव विसर्जन के साथ कथा का समापन होगा। समापन अवसर पर स्वामी गोविंद देव गिरी महाराज का प्रवचन भी होगा।

## Events

### IPL ऑक्शन हाउस में CSK अव्वल



**बेधड़क, जयपुर।** आदर्श नगर के खंडेलवाल सेवा सदन में इलीगेंटे एमयूएन में अनोखे और रोमांचक आईपीएल ऑक्शन हाउस का आयोजन किया गया। इस दौरान खिलाड़ियों की करोड़ों की बोली लगाई गई। गौरतलब है 100 करोड़ रुपए बजट सीमा के साथ हर टीम को 13 खिलाड़ियों की स्क्वाड तैयार करनी थी। कार्यक्रम में 14 से अधिक डेलीगेट्स ने भाग लिया और दो टीमों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। कार्यक्रम का संचालन देवांश गोधा, हानु चौहान, नीलक्श अधिकारी और रक्षित शर्मा ने किया। इस दौरान समाज सेवी यशवंत कुमार चौरड़िया विशिष्ट अतिथि रहे। रामेश्वरम क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी, भव्यराज हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसायटी, गांधी विकास समिति, मसाला मिनिस्ट्री का सहयोग रहा। प्रतियोगिता में टीम सीएसके (प्रतिनिधि: दिव्यांश जैन और सचिन बसरानी) ने पहला स्थान प्राप्त कर चौंका दिया, वहीं, टीम एमआई (प्रतिनिधि: अनुज गुप्ता और ऋषि बसरानी) रनरअप रही।

### ट्रॉफी और जर्सी लॉन्च के साथ CCL शुरू



**बेधड़क, जयपुर।** किगो मैच क्रिएटर्स क्रिकेट लीग (सीसीएल) का शुभारंभ सोशलाइट में ट्रॉफी और जर्सी लॉन्च के साथ हुआ। साथ ही लाइव प्लेयर ड्राफ्ट हुआ, जिसमें 100 से अधिक क्रिएटर्स, इन्फ्लुएंसर्स और ऑफिशियल टीम ओनर्स मौजूद रहे। गौरतलब है कि लीग की परिकल्पना रारा स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट ने की है, जो अल्टनट्यूर स्पोर्ट्स के सहयोग से आयोजित की जा रही है। टूर्नामेंट 11-12 अप्रैल को इन्फिनिटी क्लब जयपुर में आयोजित होगा। जयपुर में पहली बार आयोजित होने वाली क्रिएटर-लीड क्रिकेट लीग में 6 टीमें हिस्सा लेंगी। जेएसएस सुपर जायंट्स (मुकेश यादव), ईएमआर सुपर किंग्स (गौरव गौर), एएसएपी वॉरियर्स (रोहन भारद्वाज और कुलदीप राठौर), इम्पीरियल सनराइजर्स (सुभाष अग्रवाल), रॉकलैंड रॉयल्स (लोकेन्द्र प्रताप सिंह) और एलेक्स इंडियंस (रोहित चौहान) टीमें खास हैं। पार्टनर्स आवास बिल्ड कॉम (एसोसिएट पार्टनर), स्टार्ड (सपोर्टेड पार्टनर) और नेक्सोर (ब्रांड पार्टनर) हैं।

### 'ले मैंडैट' से सिनेमा फ्रैंकोफोनी का आगाज



**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में एफ्रो-फ्रेंच फिल्म फेस्टिवल 'सिनेमा फ्रैंकोफोनी-2025' का सेनेगल की फिल्म 'ले मैंडेट' (द मनी ऑर्डर) की स्क्रीनिंग के साथ आगाज हुआ। फेस्टिवल आरआईसी की ओर से एम्बेसी ऑफ फ्रांस इन इंडिया, द फ्रेंच इंस्टीट्यूट इन इंडिया और एलायंस फ्रांसेस जयपुर के सहयोग से हो रहा है। इस दौरान 7 फिल्में दिखाई जाएंगी। इस अवसर पर एलायंस फ्रांसेस जयपुर निदेशक संजना सरकार ने बताया कि फ्रैंकोफोनी फेस्ट अफ्रीका के अविश्वसनीय सिनेमा को श्रद्धांजलि है। फेस्टिवल में 9 अप्रैल को दो फिल्में दिखाई जाएंगी, जिनमें आई प्रॉमिस योर पैराडाइज (इजिप्ट) और बोनारीएन (फ्रांस) शामिल है। 11 अप्रैल को फिल्म बाल पॉसियेर (कोटे डी आइवर) दिखाई जाएगी। 16 अप्रैल को सेनेगल डबल फीचर होगा। फेस्टिवल 18 अप्रैल को वर्मिन्स (फ्रांस) के साथ संपन्न होगा।

### इंजीनियर्स प्रीमियर टेनिस लीग 3.0 का सम्मान समारोह के साथ समापन

# मैजेस्टिक लायन्स बनी फील्ड की चैंपियन थार स्टार्स को मिला उपविजेता का गौरव


पवन अरोड़ा।


पूजा कांवलिया | बेधड़क

**जयपुर।** चार दिन तक चले जबरदस्त मुकाबलों के बाद इंजीनियर्स प्रीमियर टेनिस लीग (EPTL 3.0) का रंगारंग समापन रविवार को जय क्लब में हुआ। तीसरे सीजन की ट्रॉफी पर 'मैजेस्टिक लायन्स' ने कब्जा जमाया, जबकि 'थार स्टार्स' को उपविजेता का गौरव मिला। समापन समारोह के मुख्य अतिथि फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ एवं मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा थे। विजेता टीम के मालिक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी आईएएस नवीन महाजन भी इस मौके पर मौजूद रहे। लीग में देशभर की 16 टीमों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि फर्स्ट इंडिया न्यूज इस लीग का मीडिया पार्टनर रहा।


चैंपियन कमल बैद और नवीन महाजन को सम्मानित करते पवन अरोड़ा। साथ में हैं वीरेंद्र सिंह और विनय गोधा।

### विजेताओं को ट्रॉफी देकर किया सम्मान

पुरस्कार वितरण समारोह में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। ओपन सिंगल्स विजेता पृथ्वी शेखर, 40+ पुरुषों के सिंगल्स विजेता राम कुमार चौधरी, 50+ सिंगल्स विजेता प्रदीप सिरोही, 60+ सिंगल्स विजेता अनिल कुमार और ओपन डबल्स विजेता पृथ्वी शेखर और उत्कर्ष भारद्वाज के साथ ही स्टार प्लेयर गौरव भार्गव, आईपी सिंह और अतुल अरोड़ा का सम्मान किया गया। टीम श्रेणी में 'मैजेस्टिक लायन्स' चैंपियन के रूप में उभरी, जबकि 'थार स्टार्स' उपविजेता रही। टीम ट्रॉफियों का वितरण पवन अरोड़ा ने किया। इस मौके पर स्पॉन्सर्स और पार्टनर्स को भी सहयोग के लिए सम्मानित किया गया।



पवन अरोड़ा को रामलला की प्रतिमा भेंट करते वीरेंद्र सिंह और विनय गोधा।



आकांक्षा सांगवान को सम्मानित करते विनय गोधा और डॉ. मंजीत ग्रोवर।


पवन अरोड़ा के साथ गौरव भार्गव, वीरेंद्र सिंह, कमल बैद, नवीन महाजन, अतुल अरोड़ा और आई.पी. सिंह।

### टेनिस मेरी दूसरी चाहत

पवन अरोड़ा ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों की भावना और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि कोर्ट में ऊर्जा शानदार थी। उन्होंने खेल के प्रति खुद के जुड़ाव को याद किया और हंसते हुए बोले कि टेनिस मेरी दूसरी चाहत है, टेबल टेनिस के बाद। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं में 'पिकल इफेक्ट' भी दिखना चाहिए। इस प्रकार के उत्सव महत्वपूर्ण होते हैं।

### महाजन ने दिलाई लगातार दूसरी जीत

इस दौरान आईएएस अधिकारी होने के बावजूद नवीन महाजन का टेनिस के प्रति जुनून देखने लायक था। 'मैजेस्टिक लायन्स' के मालिक और कप्तान के रूप में उन्होंने अपनी टीम को लगातार दूसरी बार जीत दिलाई। 53 वर्ष की उम्र में वह हर सुबह दो घंटे टेनिस को देते हैं और अब तक 40 से अधिक ट्रॉफियां जीत चुके हैं।

**बैसाखी पर्व** | जगह-जगह शर्बत, ज्यूस, शिकंजी पिलाकर किया स्वागत

# नगर कीर्तन में गूंजे 'वाहे गुरु जी की फतह' के जयकारे

बेधड़क | जयपुर

बैसाखी पर्व से पूर्व झालाना डूंगरी गुरुद्वारे से रविवार को भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। यह नगर कीर्तन मालवीय नगर क्षेत्र के विभिन्न इलाकों से होता हुआ मालवीय सेक्टर 3 स्थित गुरुद्वारे पहुंचकर सम्पन्न हुआ। बड़ी संख्या में सिख समाज के लोगों ने नगर कीर्तन में शिरकत की। आशीर्वाद देने के लिए गुरुग्रंथ साहिब के साथ पंज प्यारे भी थे। अमृतसर से आए धर्मगुरुओं ने गुरु की वाणी से संगत को निहाल किया। नगर कीर्तन में वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतह के जयकारों से माहौल गूंज उठा।

गतका पार्टी के सदस्यों ने हैरतअंगेज कारनामे दिखाकर सबको आश्चर्यचकित किया। प्रधान मार्ग कैलगिरी रोड के छाबड़ा रेस्टोरेंट पर धर्मेंद्र छाबड़ा की अगुवाई में पोदीने का शर्बत पिलाकर और ब्रेड पकौड़े खिलाकर संगत की सेवा की गई। नगर कीर्तन का जगह-जगह शर्बत, ज्यूस, शिकंजी, पकौड़े, कचोरी समोसे आदि से सेवाभावी लोगों ने स्वागत किया।



छाबड़ा रेस्टोरेंट पर संगत की सेवा करते धर्मेंद्र छाबड़ा।

### ईद मिलन कार्यक्रम में झलका सौहार्द



**बेधड़क, जयपुर।** जमाअते इस्लामी हिन्द राजस्थान की ओर से ईद मिलन कार्यक्रम मोती डूंगरी स्थिति इस्लामी सेंटर पर आयोजित किया गया। सुरेन्द्र पेट्रिक ने कहा कि आजादी की लड़ाई में हर धर्म और वर्ग के व्यक्ति ने खून दिया है। मतभेद हो सकता है, लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए। कैलाश सिंह यादव ने कहा कि हमें नफरतवादियों से बचकर धार्मिक संदेश और जीवन के उद्देश्य पर गौर करना चाहिए। एसडीपीआई के डॉ. शहाबुद्दीन ने कहा कि नफरत फैलाने वालों का विरोध करना चाहिए, तभी देश बचेगा। गायत्री परिवार की स्नेहा दीदी ने कहा कि मानवता के नाते हम ईश्वर की संतान हैं और भाई-भाई हैं। जमिअत उलैमा हिन्द के हाफिज मन्जूर अहमद ने कहा कि हिंदू-मुस्लिम एकता मंच की ओर से ईद पर मुस्लिमों पर पुष्प वर्षा कर सद्भाव का प्रयास प्रशंसनीय है। दलित समाज के मोहनलाल बैरवा ने कहा कि साम्प्रदायिक ताकतें हमें लड़ाना चाहती हैं, परन्तु हमें संयम रखना है।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क

जयपुर, सोमवार, 07 अप्रैल, 2025



आशावाद निराशा के अंधेरे को दूर करने वाला उजाला है।

डॉ. जगदीश चंद्र, सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ



## भाजपा के स्थापना दिवस पर मीडिया से रू-ब-रू हुए केंद्रीय मंत्री

# BJP का लक्ष्य सत्ता नहीं... राष्ट्र सेवा

**बेधड़क** | जोधपुर

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों के लिए सत्ता केवल सुख प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र के निर्माण के लिए एक सतत साधना की तरह है, इसी का परिणाम है कि देश आज सर्वांगीण विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

रविवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर जोधपुर में पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में शेखावत ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार न केवल सामान्य नागरिकों के जीवन में परिवर्तन लाने में सफल हुई है, बल्कि भारत की भूगर्भ से लेकर अंतरिक्ष और अंतरिक्ष से लेकर मंगलग्रह तक बढ़ती क्षमता को भी पूरी दुनिया ने देखा है। इतना ही नहीं, आज पूरी दुनिया में भारतीय संस्कृति का भी सम्मान बढ़ा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में आर्टिकल 370 से लेकर राममंदिर निर्माण और वक्फ बिल संशोधन जैसे तमाम ऐसे विषय थे, जो आजादी के बाद से ही लटके हुए थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने इस दिशा में कोई काम नहीं किया, लेकिन आजादी के 67 साल बाद जब देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी तो इन सभी विषयों का हमेशा के लिए समाधान कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब से अयोध्या में रामजन्म भूमि में रामलला का मंदिर बना है, तब से भारत के भाग्य के सूर्य का पुनः उदय हुआ है, जिसकी किरणें पूरी दुनिया को आलोकित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि राममंदिर केवल देश के 140 करोड़ लोगों की आस्था से ही नहीं जुड़ा है, बल्कि भारत के बाहर रहने वाले करोड़ों लोगों के मर्म से भी जुड़ा है।



*जोधपुर। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व अन्य।*

### राष्ट्र प्रथम की अवधारणा को आगे बढ़ा रही भाजपा

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा बनने के सफर से लेकर आज तक पार्टी राष्ट्र प्रथम की अवधारणा को निरंतर आगे बढ़ा रही है। कालांतर में बनी परिस्थितियों के बाद 1980 में भाजपा के मूल विचार को चुनौती देने का निरंतर षड्यंत्र रचा गया, तब 6 अप्रैल को रामनवमी के दिन मुंबई के पश्चिमी सागर के तट पर खड़े होकर स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के-ये अंधेरा हटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा के उद्घोष के साथ भाजपा की स्थापना की घोषणा की गई। शीर्ष नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से 45 वर्षों के सफर में भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनने में सफल हुई है, जो राष्ट्र प्रथम की अवधारणा को निरंतर आगे बढ़ा रही है। भाजपा स्थापना दिवस पर शेखावत ने पावटा क्षेत्र में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कृतज्ञता भाव से उनका स्मरण किया। शेखावत के निवास पर जोधपुर लोकसभा क्षेत्र के हर हिस्से से कार्यकर्ता और शुभचिंतक आए और सबने मिलकर पार्टी का ध्वज फहराया।

## भाजपा की रीढ़ कार्यकर्ता: मेघवाल



भाजपा के स्थापना दिवस पर केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल चूरू के सैनिक बस्ती स्थित राजेंद्र राठौड़ के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ हुई। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने सभी कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पार्टी की नीतियों और आने वाले कार्यक्रमों की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। मेघवाल ने अपने संबोधन में कहा कि चूरू से उनका विशेष लगाव है। वे यहां जिला कलेक्टर के पद पर भी रह चुके हैं। इस दौरान उन्हें कई पुराने परिचितों से मिलने का अवसर मिला। विधायक हरलाल सहारण ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा हर छोटे कार्यकर्ता को साथ लेकर चलती है। कार्यक्रम में पंचायत समिति प्रधान दीपचंद राहड़, राष्ट्रीय सदस्य ओम सारस्वत, फतेहचंद सोती, नोरंग वर्मा, हेमसिंह शेखावत, भास्कर शर्मा, सीपी शर्मा, सुशील लाटा, सुरेश सारस्वत व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मदन गोपाल बालाण आदि मौजूद रहे।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में राजनीति का केंद्र बनी BJP: यादव

**अलवर।** भाजपा के स्थापना दिवस पर रविवार को केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने अलवर जिला पार्टी कार्यालय पर भाजपा का ध्वज फहराया। भाजपा जिला कार्यालय पर मीडिया से बातचीत में भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भाजपा देश की राजनीति का केंद्र बिंदु बनी हुई है। भाजपा स्थापना के 45 साल पूरे कर चुकी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम के नारे को लेकर भाजपा ने लंबी अविरल यात्रा की है। उसी का परिणाम है कि आज भाजपा देश के ज्यादातर राज्यों और केंद्र में शासन में है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राजनीति में परिवारवाद और भ्रष्टाचार को खत्म कर देश निर्माण में विकास को प्राथमिकता देने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है। स्थापना दिवस पर भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि पार्टी के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए वह निरंतर कार्य कर देश की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का सपना है कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करें।



### ‘वन नेशन वन इलेक्शन’ भारत के विकास के लिए जरूरी

केंद्रीय मंत्री ने भूपेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा एक राजनीतिक दल ही नहीं, बल्कि मिशन है। इस मिशन का अर्थ है नेशन फर्स्ट। भारत के आगे बढ़ने का अर्थ है कि हम राजनीति के हर स्तर पर अपनी सहभागिता निभाएं। वन नेशन वन इलेक्शन के माध्यम से आने वाले समय में भारत की राजनीति में स्थिरता और निरंतरता कैसे बनी रहे और किस प्रकार से देश में केंद्र, राज्य व पंचायत स्तर की सरकारें एक निश्चित समय में विकास कर सकें, यह तय हो सकेगा। यादव ने कहा कि पीएम मोदी के कार्यकाल में देश में राम मंदिर निर्माण, धारा 370 को समाप्त करने और तीन तलाक व वक्फ बोर्ड बिल को पास होते देखा है। भाजपा हर गांव-बस्ती में जाकर आरक्षण के प्रति लोगों में फैलाई भ्रांतियों को दूर करेगी। यादव ने कहा कि आने वाली 12 व 13 अप्रैल से संसदीय क्षेत्र में सांसद संवाद संपर्क यात्रा शुरू की जा रही है। इस यात्रा में गांव के विकास और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## बेधड़क FIRST

### जब मंच से हुई भूपेंद्र यादव की तारीफ...

पावटा में बाबा बालनाथ आश्रम में कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की बाबा बस्तीनाथ ने अपने संबोधन में सराहना की। बाबा ने कहा कि भूपेंद्र यादव, अमित शाह के नवरत्नों में से सबसे शांत चित्त रहने वाले हैं, और वो शांत प्रवृत्ति से अपने काम मे लगे रहते हैं। ये सुनकर वहां मौजूद लोगों ने जमकर तालियां बजाई।

### शुचिता की राजनीति

प्रदेश में शुचिता की राजनीति फिर देखने को मिली है। अशोक गहलोत और गजेंद्र सिंह शेखावत के बीच फिर से बातचीत हुई है। दोनों नेताओं के बीच एक महीने में दो बार फोन पर बात हुई है। पिछले दिनों गजेंद्र सिंह के काफिले की गाड़ी पर हमला हुआ था, उस समय अशोक गहलोत ने गजेंद्र सिंह को फोन कर घटनाक्रम की जानकारी ली थी और कुशलक्षेम जानी थी। अब गजेंद्र सिंह ने अशोक गहलोत के पौत्र के जन्म पर फोन कर बधाई दी है। प्रदेश और जोधपुर की राजनीति में गहलोत और शेखावत में राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता भले ही है, लेकिन इससे हटकर दोनों ही राजनीति की शुचिता दिखाते हैं।

### एसीबी की चौकियों का रिपोर्ट कार्ड निराशा जनक

प्रदेश में एसीबी की चौकियों का रिपोर्ट कार्ड खास अच्छा नहीं है। कई एसीबी की चौकियों की परफॉर्मेंस बहुत कमजोर है। कई चौकी ऐसी हैं जिन्होंने जनवरी से लेकर मार्च तक एक भी ट्रैप नहीं किया है। न ही आय से अधिक सम्पति के केस बनाए हैं, और ना ही पद के दुरुपयोग के मामले दर्ज किए हैं। कई चौकी प्रभारियों की परफॉर्मेंस भी बहुत खराब है, चौकी प्रभारियों के कमजोर प्रदर्शन से एसीबी के डीजी काफी नाराज हैं।

### बीकानेर संभाग के सबसे बड़े अस्पताल में हर जगह लूट!

बीकानेर के पीएमबी अस्पताल में लूट के मकड़जाल को देखकर अब तो भाजपा विधायक भी नाराज हो गए। अस्पताल में ई-मित्र में फोटो कॉपी के दिन में 5 रुपए तो रात में 20 रुपए तक वसूले जा रहे हैं। ऐसे में पीएमबी प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं, विधायक जेठानंद व्यास ने मौके पर पहुंचकर प्राचार्य को कॉल कर लताड़ लगाई और ई-मित्र को निरस्त करने की बात कही।

## कांग्रेस में पीढ़ीगत बदलाव की प्रक्रिया जारी: पायलट



**बेधड़क. नई दिल्ली।** अहमदाबाद में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अधिवेशन से पहले कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने रविवार को कहा कि पार्टी में पीढ़ीगत बदलाव हो रहा है और युवा नेता उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रक्रिया में जवाबदेही के साथ-साथ विचारधारा को मजबूत करना मुख्य मंत्र होगा। पायलट ने ‘पीटीआई-भाषा’ के साथ साक्षात्कार में कहा कि गुजरात में हो रहा एआईसीसी अधिवेशन महत्वपूर्ण है क्योंकि यह ऐसे समय में हो रहा है जब ध्यान संबंधित राज्य में पार्टी को मजबूत करने और वहां इसका पुराना गौरव बहाल करने पर है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि पार्टी भले ही लोकसभा चुनावों के बाद कुछ राज्यों में चुनाव हार गई हो, लेकिन उसने लड़ने का जज्बा या जोश नहीं खोया है। यह पूछे जाने पर कि क्या पार्टी में पीढ़ीगत बदलाव का समय आ गया है, पायलट ने कहा कि कोई भी बदलाव रातोंरात नहीं होता बल्कि धीरे-धीरे होता है। उन्होंने कहा कि पार्टी पिछड़ों, युवाओं, महिलाओं, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अल्पसंख्यकों की स्थिति को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। ये वे वर्ग हैं जो हमारी आबादी का सबसे बड़ा हिस्सा हैं और इन वर्गों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व महत्वपूर्ण है।

## रामनवमी पर प्रदेशभर में श्रद्धा और संस्कृति का उत्सव

# सीएम, डिप्टी सीएम और केंद्रीय मंत्री ने की पूजा-अर्चना

**बेधड़क** | जयपुर/जोधपुर

रामनवमी के पावन अवसर पर रविवार को पूरे प्रदेश में भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अलग-अलग आयोजनों में भाग लिया और प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पर परिवार सहित मां दुर्गा का विधिवत पूजन किया।

मुख्यमंत्री निवास परिसर स्थित राजराजेश्वरी मंदिर में उन्होंने पूर्ण विधि-विधान से हवन किया और पूर्णाहुति देकर देवी मां भगवती की आराधना की। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया और आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने मां जगदम्बा से प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और राजस्थान की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की। वहीं, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने सिटी पैलेस स्थित भगवान श्री सीताराम मंदिर में रामनवमी के अवसर पर पूजा-अर्चना की। साथ ही उन्होंने नौ दुर्गा स्वरूपा कन्याओं के पांव धोकर, चुनरी ओढ़ाकर, आरती उतारकर और उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन करा कर सनातन परंपरा का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि यह परंपरा नारी शक्ति के सम्मान की प्रतीक है। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं भी दीं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने जोधपुर में आयोजित भव्य रामनवमी शोभायात्रा में भाग लिया और भगवान श्रीराम के दरबार में शीश नवाकर जोधपुरवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।





*मुख्यमंत्री निवास पर कन्याओं को भोजन कराते सीएम और उनकी पत्नी। (इनसेट) परिवार के साथ हवन-पूजन करते सीएम।*



*कन्या पूजन के बाद तिलक करतीं हुई उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी।*

# मुख्यमंत्री आज करेंगे ‘निरामय राजस्थान अभियान’ का शुभारंभ



**बेधड़क. जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय समारोह में निरामय राजस्थान अभियान सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ईट राइट राजस्थान अभियान, मिशन मधुहारी, मिशन लीवर स्माइल अभियान एवं मुख्यमंत्री आयुष्मान आदर्श ग्राम पंचायत योजना का भी शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना की मोबाइल ऐप व आयुष पैकेज, एआई आधारित एकीकृत मॉनिटरिंग सिस्टम, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, 29 स्तनपान प्रबंधन इकाइयों (एलएमयू) व 50 चिकित्सा संस्थानों में हीमोडायलिसिस वार्ड का भी शुभारंभ किया जाएगा। सीएम शर्मा इस अवसर पर 26 करोड़ की लागत के स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे, जिसमें मेडिकल कॉलेज, जोधपुर के नेशनल इमरजेंसी लाइफ सपोर्ट स्किल सेंटर, जेके लॉन अस्पताल आदि का लोकार्पण शामिल है।

## ताशकंद में IPU की 150वीं सभा

# ‘भारतीय न्याय संहिता’ से न्याय को मिली प्राथमिकता: बिरला

**एजेंसी** | नई दिल्ली/ताशकंद

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में आयोजित अंतर-संसदीय संघ (IPU) की ऐतिहासिक 150वीं सभा में भारत की लोकतांत्रिक, समावेशी और कल्याणकारी दृष्टिकोण को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया।

‘सामाजिक विकास और न्याय के लिए संसदीय प्रयास’ विषय पर अपने मुख्य भाषण में बिरला ने कहा कि भारतीय संविधान सभी नागरिकों को समान मानता है और उन्हें समान अवसर प्रदान करता है। साथ ही वंचित और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास करता है। बिरला ने हाल के वर्षों में भारत की संसद द्वारा पारित सामाजिक न्याय से संबंधित विधेयकों जैसे ‘दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016’, ‘उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019’ और ‘नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023’ का उल्लेख करते हुए कहा कि ये कानून समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा के लिए बनाए गए हैं। साथ ही उन्होंने नए श्रम कानूनों और सामाजिक सुरक्षा संहिताओं का भी जिक्र किया।



लोकसभा अध्यक्ष ने बताया कि भारत ने ‘भारतीय दंड संहिता’ को ‘भारतीय न्याय संहिता’ से प्रतिस्थापित कर न्याय की प्राथमिकता को स्थापित किया है। उन्होंने संसद की विभिन्न समितियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ये समितियां योजनाओं के प्रभावी और जवाबदेह क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने ‘आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना’ का उल्लेख करते हुए बताया कि इस योजना के तहत आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों की 40% आबादी को निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा की सुविधा मिल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत पिछले दशक में 105% GDP वृद्धि के साथ विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना है और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है।

उन्होंने नवाचार, स्टार्टअप, एआई, रक्षा, फार्मा और फिनटेक जैसे क्षेत्रों में भारत की अग्रणी भूमिका का भी उल्लेख किया। सभा के प्रतिभागियों को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए बिरला ने आशा जताई कि यह सभा वैश्विक संसदों को न्यायसंगत, समावेशी और समृद्ध समाज की दिशा में प्रेरणा देगी। उन्होंने कहा कि सभा का विषय ‘वसुधैव कुटुम्बकम’ की भावना से ओतप्रोत है।

### वियतनाम की नेशनल असेंबली के प्रेसिडेंट से मुलाकात



लोकसभा अध्यक्ष ने सभा के दौरान वियतनाम की नेशनल असेंबली के प्रेसिडेंट ट्रैन थैन मैन से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-वियतनाम के 50 वर्षों के राजनयिक संबंधों पर चर्चा की और रक्षा, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे एवं परमाणु ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया। बिरला ने भारत की ‘डिजिटल संसद’ पहल की जानकारी देते हुए बताया कि यह पहल संसद को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और तकनीक-सम्मत बना रही है। उन्होंने यह भी बताया कि बड़ी संख्या में वियतनामी छात्र भारत की छात्रवृत्ति योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। प्रेसिडेंट मैन ने बिरला को वियतनाम यात्रा के लिए आमंत्रित किया।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित। **प्रधान संपादक:** डॉ. जगदीश चंद्र, **प्रबंध संपादक:** पवन अरोड़ा, **संपादक:** मनोज माथुर*, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 **फोन नं. :** 0141-4920504 (ऑफिस), **ई-मेल:** sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।